दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 16 | अंक 356 | सीकर, रविवार 22 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8






# खाटूश्याम मंदिर जगन्नाथपुरी और 12 ज्योतिर्लिंग थीम से सजा

सुरेन्द्र शर्मा

**खाटूश्यामजी/दांतारामगढ़ (सीकर)।** राजस्थान के सीकर जिले में स्थित प्रसिद्ध खाटूश्याम मंदिर में वार्षिक फाल्गुन मेले की शुरुआत आज से हो गई है। सुबह से ही बाबा श्याम के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से भक्त बड़ी संख्या में खाटू पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर जयकारों और भजन-कीर्तन से गूंज उठा है।

इस वर्ष मंदिर को विशेष रूप से जगन्नाथ मंदिर (जगन्नाथपुरी) और 12 ज्योतिर्लिंग की थीम पर सजाया गया है। मंदिर के सिंह द्वार पर 12 ज्योतिर्लिंगों की आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वहीं मंदिर परिसर में लाल और सफेद कपड़ों से सजावट कर जगन्नाथपुरी की भव्यता को जीवंत रूप दिया गया है।

### 17 किलोमीटर लंबा पैदल कॉरिडोर

रींगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लंबा विशेष पैदल कॉरिडोर तैयार किया गया है। यह मार्ग पूरी तरह से वाहनों के लिए प्रतिबंधित रहेगा, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित और सुगम यात्रा कर सकें। पूरे रास्ते में पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय और विश्राम स्थलों की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रशासन और स्वयंसेवकों की टीमें लगातार निगरानी में जुटी हैं।

### 8 दिन का मेला, 24 घंटे खुले रहेंगे पट

श्रीश्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान के अनुसार, इस वर्ष मेला केवल 8 दिनों तक आयोजित होगा। मेले के दौरान 24 घंटे बाबा श्याम के पट खुले रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर सकें। फाल्गुन मेले के शुभारंभ के साथ ही खाटू नगरी भक्तिमय माहौल में रंग गई है। सुरक्षा, चिकित्सा और भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## 17 किमी पैदल कॉरिडोर तैयार





## भक्तों के लिए की गई व्यवस्था

### 1- दर्शन के लिए लगेंगी 14 लाइन

इस बार भी 14 लाइन : भक्तों को पिछले साल की तरह ही इस बार भी 14 लाइन से होकर बाबा की चौखट तक पहुंचना होगा। रींगस से खाटू तक कारपेट बिछाया गया है। खाटू पहुंचने के बाद बाबा के दर्शन के लिए 8 किलोमीटर का जिगजैग पार करना होगा।

**रींगस रोड से आने वाले भक्तों के लिए ये व्यवस्था :** रींगस रोड से आ रहे भक्तों को नगरपालिका के नजदीक मुख्य प्रवेश द्वार से होकर आना होगा। यहां से वे चारण मैदान पहुंचेंगे। चारण मैदान में टीन शेड से कवर अस्थाई जिगजैग बनाया गया है। इस जिगजैग से होते हुए श्रद्धालु लखदातार मैदान में पहुंचेंगे।

**दांतारामगढ़ रोड से आने वाले भक्तों के लिए :** लाला मांगेराम धर्मशाला के पास से जिगजैग में प्रवेश कर लखदातार मेला ग्राउंड तक और उसके बाद यहां से भक्त 75 फीट के मुख्य मेला ग्राउंड की 14 सीधी लाइनों में प्रवेश करेंगे।

इस तरह रींगस रोड से बाबा के दर तक आने में करीब 5 घंटे से ज्यादा का समय लग जाएगा। भीड़ नहीं होने पर 4 लाइनों से ही दर्शनों के लिए भेजा जाएगा।

रींगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लंबा विशेष पैदल कॉरिडोर तैयार किया गया है। यह मार्ग पूरी तरह वाहनों से मुक्त रहेगा। पूरे रास्ते में पानी, लाइट, शौचालय और विश्राम स्थल की व्यवस्था रहेगी।

### 2- एग्जिट पॉइंट बनाए गए -

मेला प्रभारी व एसडीएम मोनिका सामोर ने बताया कि दर्शन की सीधी 11 लाइनों में प्रवेश करने वालों के लिए इस बार 2 एग्जिट पॉइंट बनाए गए हैं। सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी को छोड़कर सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूरी तरह बंद रहेगी।

दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए दर्शनों की अलग से व्यवस्था की गई है। मुख्य मंदिर से करीब 250 मीटर की दूरी पर लाला मांगेराम धर्मशाला के पास ही एक अलग लाइन बनाई गई है। व्हील चेयर पर दिव्यांगों को इसी लाइन से मंदिर तक दर्शन करवाने के लिए ले जा सकेंगे। इसके अलावा भीड़ नियंत्रित करने की विशेष परिस्थितियों के लिए 16 आपातकालीन गेट तैयार किए गए हैं।

### 3- छोटे और बड़े वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग

श्रद्धालुओं के लिए मंदिर तक का रास्ता वन-वे रहेगा। सीकर-रींगस रोड पर मंढा मोड के आस-पास छोटे वाहनों के लिए 4 बड़ी और 2 छोटी पार्किंग व्यवस्था की गई है। बस से आने वाले श्रद्धालुओं को 52 बीघा पार्किंग तक ले जाया जाएगा। यहां से मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालु पैदल ही जाएंगे।

### 4- चार बड़े पार्किंग स्थल, अलग-अलग रंग में होंगे -

चार बड़े पार्किंग स्थल विकसित किए गए हैं। इन सभी पार्किंग स्थलों के लिए क्यूआरकोड और रंगीन पहचान चिह्न लगाए गए हैं।

52 बीघा (पीला) सांवलपुरा (हरा)
लामिया रोड (नीला) दांतारामगढ़ (गुलाबी)

## मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंतजाम

### 1- 22 सेक्टर और 350 सब-सेक्टर में सुरक्षा कवच

मेले को 22 मुख्य सेक्टर और 350 सब-सेक्टर में बांटा गया है। करीब 5 हजार से ज्यादा पुलिस अधिकारी और जवान तैनात हैं। प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग, अस्थायी चौकियां और अतिरिक्त बल की व्यवस्था की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों से कंट्रोल रूम के माध्यम से रीयल-टाइम निगरानी होगी।

### 2- 44 एलईडी स्क्रीन और क्यूआर कोड सुविधा :

मंदिर परिसर और प्रवेश द्वारों पर 44 डिजिटल एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। इन पर दर्शन की प्रतीक्षा अवधि, पार्किंग स्थिति, सुरक्षा निर्देश, मौसम अलर्ट और आपात नंबर प्रदर्शित होंगे। क्यूआर कोड आधारित मार्गदर्शन प्रणाली से श्रद्धालुओं को आसान नेविगेशन मिलेगा।

### 3- 12 पुलिस सहायता बूथ :

मेला परिसर में 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जो लैंडलाइन और वायरलेस सुविधा से जुड़े रहेंगे। यहां गुमशुदा व्यक्ति या सामान से संबंधित जानकारी और जल्द सहायता मिलेगी।

### 4. ज्यादा भीड़ हुई तो?

यदि मेले के दौरान भीड़ का दबाव बढ़ता है तो इसे कम करने के लिए अतिरिक्त जिगजैग मार्ग, फुट ब्रिज और 40 बीघा का नया होल्डिंग एरिया विकसित किया गया है, जहां जरूरत पड़ने पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित रोका जाएगा।



## गौ सवामणी की



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** जुगलदास गौशाला चनाना में गौ सवामणी स्वर्गीय आस्था जाखड़ निवासी सिलारपुरी की तृतीय पुण्यतिथि पर की गई। इस दौरान आस्था के पिताजी धर्मवीर जाखड़, माताजी प्रेमलता, मामाजी सूबेदार रामसिंह धिंवा, जयकरण धींवा, सूबेदार बनवारी धींवा, अशोक धींवा, सुरेश बड़सरा, हवासिंह चनाना पुलिस चौकी प्रभारी, अमित कुमार, केवल्य, और वंश मौजूद रहे।

## पाठ्य सामग्री वितरित



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय लाडून्दा में महावीर इंटरनेशनल इन्द्र धनुष चिड़ावा के चेयरमैन डॉ. एलके शर्मा एवं डॉ. कुसुमलता के निर्देशन में तथा डूमोली खुर्द निवासी हैदराबाद प्रवासी ब्रह्मदत्त चतुर्वेदी की प्रेरणा से त्यौन्दा निवासी व हैदराबाद प्रवासी भामाशाह विष्णुदत्त अग्रवाल के सौजन्य से छात्र छात्राओं को समारोह पूर्वक पाठ्य सामग्री वितरित की गई। समारोह की अध्यक्षता महावीर इंटरनेशनल इन्द्रधनुष चिड़ावा के सचिव व सेवानिवृत्त संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी डॉ. कैलाश चतुर्वेदी ने की। मुख्य अतिथि भामाशाह विष्णुदत्त अग्रवाल हैदराबाद व विशिष्ट अतिथि ब्रह्मदत्त चतुर्वेदी हैदराबाद, विनोद अग्रवाल नई दिल्ली, मुन्नी देवी चतुर्वेदी हैदराबाद व किरण चतुर्वेदी चिड़ावा थे। कार्यक्रम में मदनलाल शर्मा, सत्यपाल राव व शशिकान्त शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा शॉल व साफा ओढ़ाकर सम्मानित किया। संस्था प्रधान राजकमल राजोरिया के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने मां सरस्वती की वन्दना की। इस अवसर पर सूरजभान, हिंमाशु, अनिता, ममता, निशा, सरोज, गंगा देवी आदि उपस्थित थे।

## कैम्पस प्लेसमेंट शिविर 24 को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान तथा जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगार युवा आशार्थियों के लिए मंगलवार को सुबह साढ़े 9 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चूरू में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया जाएगा। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में राज्य के 10 वीं उत्तीर्ण तथा आईटीआई, पॉलीटेक्निक, बीटेक आदि तकनीकी योग्यता प्राप्त शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को पुखराज हेल्थ केयर प्रालि. प्रथम ऐज्यूकेशन फाउण्डेशन प्रालि, जेब्रस इंडिया ओपीसी प्रालि. सीआईआई एमसीसी, यूनाइटेड इण्डिया इंश्योरेंश प्रालि, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, इनोविजन लिमिटेड, कंफर्ट सॉल्यूशन, एनएसएसएस सिक्योरिटीज प्रालि. इत्यादि निजी क्षेत्र कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से लगभग 1000 रिक्त पदों के विरूद्ध बेरोजगार आशार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्वरोजगार, ऋण योजना तथा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जिला उद्योग केन्द्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला अधिकारिता विभाग, आरएसएलडीसी विभाग, अनुजा निगम द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेरोजगार आशार्थी अपने मूल शैक्षणिक, फोटोयुक्त पहचान पत्र दस्तावेज मय प्रतिलिपि व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये आशार्थी जिला रोजगार कार्यालय, चूरू में सम्पर्क किया जा सकता है।

## मासूम बच्चे रोजा रखकर कर रहे इबादत

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** तहसील के दुजार गांव में रमजान महीने की पाक बरकतें बच्चों के उत्साह में साफ नजर आ रही हैं। लाडनूं तहसील क्षेत्र के दुजार निवासी आहिल पुत्र असलम छींपा, इब्राहिम पुत्र मोहम्मद असलम तथा फातिमा पुत्री मोहम्मद इरफान छींपा ने रमजान के दो रोजे मुकम्मल कर समाज के लोगों को इबादत के लिए प्रेरित किया है। परिवार के दादा मोहम्मद इसहाक छींपा ने बताया कि गांव में सबसे कम उम्र के बच्चे पूरे जोश और अकीदत के साथ रोजे रखकर अल्लाह की इबादत में जुटे हुए हैं। बच्चों में रमजान को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है, जिससे न सिर्फ घर का माहौल बल्कि पूरे गांव में धार्मिक भावना और भाईचारे का संदेश फैल रहा है।

परिजनों का कहना है कि इतनी कम उम्र में बच्चों का रोजे रखना उनके मजबूत इरादों और अच्छी तरबियत का नतीजा है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा पुंज का कार्य करेगा।

# विशेष कार्ययोजना बनाकर कम प्रगति वाले केपीआई इंडिकेटर्स में अपेक्षित सुधार लाएं : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में आयोजना विभाग की समीक्षा बैठक में गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना, आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम सहित विभागीय गतिविधियों, कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने ब्लॉकवार केपीआई इंडिकेटर्स की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन सूचकों में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष कार्ययोजना बनाकर अपेक्षित सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग से विभागीय कार्यक्रमों के लिए केपीआई इंडीकेटर्स पर काम करते हुए अपेक्षित सुधार लाएं। इसके लिए ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर ब्लॉकों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से रेंक हासिल करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यक्रम अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान 2.0 में निर्धारित गतिविधियां आयोजित करें एवं संकेतकों में सम्पूर्णता हासिल की जाए। योजनाओं में कमजोर प्रगति वाले संकेतकों की आवश्यक सुधार हेतु में विभिन्न बजट मदों का उपयोग किया जाए तथा अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। सुराणा ने बीस सूत्री कार्यक्रम में सी श्रेणी में शामिल प्रधानमंत्री आवास और राजीविका के रिवोल्विंग फंड में सुधार कर जिले की रैंक सुधारने के निर्देश दिए। इसी के साथ फ्लैगशिप योजनाओं, राज्य स्तरीय प्रकरणों, गजेटियर, जीपीडीपी, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, ई-फाईल, संपर्क पोर्टल की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। मुख्य आयोजना अधिकारी भागचंद खारिया ने विभाग से विभागीय गतिविधियों एवं प्रगति तथा आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम, सम्पूर्णता अभियान 2.0, बीस सूत्रीय कार्यक्रम, गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना, फ्लैगशिप योजनाओं, जिले के राज्यस्तर पर लंबित प्रकरणों, जिला गजेटियर प्रकाशन, जीपीडीपी, केपीआई नवाचार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-फाईल व कर्मयोगी पोर्टल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। गौरतलब है कि नवाचार केपीआई जिसमें 08 विभागों के 94 इंडिकेटर के आधार पर जिले में ब्लॉकों की रैंक जारी की जाती है। इसमें जनवरी माह में सुजानगढ़ ने प्रथम, बीदासर ने द्वितीय और चूरू ने तीसरी रैंक हासिल की। वहीं डेल्टा रैंकिंग जो कि ब्लॉकों के प्रदर्शन में सुधार के आधार पर जारी की जाती है, इसमें तारानगर ने प्रथम, सुजानगढ़ ने द्वितीय और रतनगढ़ ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस दौरान सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ रामगोपाल सेपट सहित अन्य ब्लॉक व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# समुचित मॉनीटरिंग से जन्म-मृत्यु व जनाधार पेंडेंसी समाप्त करें : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में सांख्यिकी विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय गतिविधियों, कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि समुचित मॉनीटरिंग एवं नियमित फॉलोअप के माध्यम से जन्म-मृत्यु पंजीकरण तथा जनाधार से संबंधित लंबित प्रकरणों को शीघ्र समाप्त किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर लंबित मामलों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण की स्थिति की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। अस्पतालों एवं ग्राम स्तर पर पंजीकरण प्रक्रिया को सुदृढ़ किया जाए। जन्म-मृत्यु पंजीकरण से जुड़े आंकड़े विभिन्न योजनाओं एवं नीतिगत निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए डेटा अपडेट व शुद्ध होने चाहिए। ऑनलाइन एंट्री में किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए नियमित जांच की जाए। उन्होंने जनाधार से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नाम, पता, परिवार विवरण अथवा अन्य संशोधनों से जुड़े आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सुराणा ने जनगणना - 2027 की गतिविधियों की समीक्षा की और कहा कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर गतिविधियों की समुचित तैयारी रहे। कार्मिकों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए और किसी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में आपसी समन्वय से दूर करें। जिला कलक्टर ने जन आधार, पहचान, जन्म, मृत्यु व विवाह पंजीयन और संशोधन, मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना, जीवनांक, विभागीय प्रकाशन, कृषि सांख्यिकी, जनगणना सहित विभाग द्वारा संपादित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ राम गोपाल सेपट ने विभागीय गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभागीय कार्यों एवं सर्वेक्षणों की वर्तमान प्रगति, डेटा संकलन एवं रिपोर्टिंग से संबंधित जानकारी दी।

इस अवसर पर सीपीओ भागचंद खारिया सहित आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्याम बाबा पदयात्रा खाटूधाम के लिए रवाना



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर से रंगीला सांवरिया श्याम भक्त मंडल के तत्वावधान में शनिवार को 32वीं श्याम बाबा पद यात्रा खाटूधाम के लिए रवाना हुई। गोठड़ा सरपंच सरती देवी, समाजसेवी हरीराम गुर्जर की मुख्य यजमानी में श्रद्धालुओं ने सुबह सवा सात बजे निशान की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर जत्थे को खाटूधाम के लिए रवाना किया। श्याम बाबा का जत्था डीजे की धून पर नाचते गाते हुए खाटूधाम के लिए रवाना हुआ। जत्थे का जगह-जगह फुलों से स्वागत किया गया। महिपाल दौराता, अभयसिंह हिन्दूस्तानी, महेश सिंघानिया, घीसाराम अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, महेश सैन, चुन्नीलाल चनेजा, शिवशंकर शर्मा, पप्पन सैन, कुलदीप आदि सहित 42 सदस्यों श्याम भक्तों का जत्था खाटूधाम के लिए रवाना हुए।

## दिव्यांगों को निःशुल्क उपकरण आज वितरित होंगे



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन व लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशाल नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण मेघा शिविर का आयोजन 22 फरवरी से 24 फरवरी तक लावरेश्वर महादेव मंदिर परिसर झुंझुनू में प्रात:10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा, संयोजक श्याम सुंदर जालान बताया कि शिविर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार जिला झुंझुनू एवंम श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय शिविर, आयोजित किया जाएगा शिविर में ट्राई साइकिल, कृत्रिम पैरए कृत्रिम हाथ, कैलीपर्स, व्हीलचेयर, वैशाखी, वाकर, बुजुर्ग छड़ी, कान की मशीन, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, समस्त जिले के लाभार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है, कृत्रिम अंग शिविर स्थल पर ही बनाए जाएंगे, उपकरण बनाने के लिए वर्क शॉप की तैयारी जोरो से चल रही है, संस्था के कार्यकर्ता दिन-रात उपरोक्त कार्य में जुटे हुए हैं, विशेष अनुरोध है कि अपने-अपने क्षेत्र से दिव्यांगों को लाकर उपकरण वितरण करानें में सहयोग प्रदान करें, दिव्यांगों को यू डी.आई डी कार्ड मेडिकल प्रमाण पत्रद्ध आधार कार्ड अपने साथ लेकर आना होगा, हमारा मिशन है गोदी में लाओ और पैदल चलाकर ले जाओ शिविर में आने वाले समस्त दिव्यांग जनों के चाय स्नेक्स व भोजन की संपूर्ण व्यवस्था शिविर स्थल पर नि:शुल्क रहेगी।

# जिले में कुल 2163449 मतदाता

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत 4 नवम्बर 2025 से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना चरण के दौरान सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य सम्पन्न किया गया है। गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 2272712 थी, जिनको गणना प्रपत्र वित्तरित किए गए थे। जिले में गणना चरण के दौरान कुल 2128862 मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा करवा दिए गए है, जिनका नाम 16 दिसम्बर 2025 को जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर प्रारूप प्रकाशन किया गया था। प्रारूप प्रकाशन के पश्चात् अनमैप्ड मतदाताओं तथा तार्किक विसंगतियों के मतदाताओं को कुल 4,46,101 नोटिस जारी कर उनकी सुनवाई के दौरान 2727 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित किए गए है। शनिवार अंतिम प्रकाशन के दौरान कुल मतदाता 2163449 हो गए है। उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गई जिसमें कुल 47984 मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 प्राप्त हुए, जिनका नाम विहित प्रक्रिया के पश्चात कुल 41853 मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया। कुल 7675 मतदाताओं के फॉर्म 7 प्राप्त हुए जिनका विहित प्रक्रिया के तहत निस्तारण कर कुल 7266 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से नाम विलोपित किया गया। साथ ही आज सेवा नियोजित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है, जिले में कुल 17076 सेवा नियोजित मतदाता है, जिसमें से कुल 16503 पुरुष मतदाता है एवं कुल 573 महिला मतदाता है। अंतिम मतदाता सूची की दो प्रतियां एक हार्ड एवं एक सॉफ्ट कॉपी बिना फोटो के मान्यता प्राप्तत राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। आयोग के निर्देशानुसार इस संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक भी आयोजित की गई है, जिसमें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया। बैठक में आम आदमी पार्टी पूर्व जिलाध्यक्ष शिवनाथ सिंह, बहुजन समाज पार्टी सचिव भंवरलाल दानोदिया, भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री महावीर प्रसाद सैन, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (एम) के सदस्य सचिव रामरतन बगड़िया, इण्डियन नेशनल कॉग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र गठाला, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सचिव इंजी. भंवर सिंह उपस्थित रहें।

## विराट हिन्दू सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** रसूलपुर की आदर्श पब्लिक स्कूल में रविवार को हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति एवं सर्व हिन्दू समाज के सौजंय से विराट हिन्दू सम्मेलन एवं भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति अध्यक्ष भैरूराम ने बताया कि रविवार सुबह दस बजे कार्यक्रम स्थल पर हवन यज्ञ का आयोजन, बड़ाऊ से महिलाओं द्वारा कलश यात्रा रसूलपुर कार्यक्रम स्थल तक निकाली जाएगी। सवा बारह बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि कलश यात्रा में भाग लेने वाली महिलाओं के लिए लक्की ड्रा कूपन भी रखा गया है।

## श्याम पदयात्रियों के लिए शिविर का शुभारम्भ



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के पुलिस थाने के सामने शनिवार को श्री श्याम पदयात्रा मंडल शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूनम धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष विजेश शाह थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर गुप्ता ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने बाबा श्याम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री श्याम पदयात्रा मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में फागुन माह में बाबा श्याम के मेले का आयोजन खाटू में किया जाता है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोग पदयात्रा कर बाबा श्याम के मंदिर तक पहुंचते हैं। पदयात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं के खाने, पीने की व्यवस्था को लेकर श्री श्याम पदयात्रा मंडल की ओर से शिविर लगाया जाता है। जिसमें खाने-पीने के सामान के अलावा रहने व ठहरने की उचित व्यवस्था की जाती है।

इसके अलावा चिकित्सा विभाग के सहयोग से आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि बाबा खाटू श्याम के मंदिर में जाने वाले पद यात्रियों की सेवा की भावना से युवाओं की ओर से इस शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें रास्ते से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न सुविधा, मुहैया करवाई जाती है। बाबा खाटू श्याम मेले में दूरदराज व पड़ोसी राज्य हरियाणा से आने वाले श्रद्धालुओं की निस्वार्थ भाव से सेवा युवाओं की ओर से की जाती है।

श्याम भक्त बाबा की ज्योत को नगर परिक्रमा करवा खाटूश्याम के लिए रवाना होंगे। इस मौके पर ज्योति भारद्वाज, बबलू अवाना, बुधराम गुप्ता, गोकुल चंद, हाकम अली, लक्की, आनंद, सुमित, सुरेश, नितेश, दिनेश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# फिल्म पॉइंट जीरो के पोस्टर का हुआ विमोचन




निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** सैनिकों के शौर्य, युवाओं में बढ़ती हुई नशे के लत के खिलाफ और राष्ट्रभक्ति पर आधारित फिल्म पॉइंट जीरो के पोस्टर का विमोचन बुगाला गौशाला परिसर में विधिवत रूप से किया गया।

कार्यक्रम में गौशाला समिति के पदाधिकारी, ग्रामवासी व युवा मौजूद रहे। इस अवसर पर फिल्म निर्माता ममता संदीप जैन, अभिनेत्री इशिका व अतिथियों ने फिल्म के पोस्टर का अनावरण करते हुए कहा कि पॉइंट जीरो जैसी फिल्में युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करती हैं और सैनिकों के बलिदान को समाज के सामने लाती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत गोमाता पूजन से की गई, इसके बाद पोस्टर का विमोचन किया गया। निर्माता व निर्देशक ने बताया कि फिल्म में देश की सीमाओं पर तैनात जवानों के साहस, संघर्ष और समर्पण की कहानी को दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में पोस्टर विमोचन करने का उद्देश्य आमजन तक देशभक्ति का संदेश पहुंचाना है। गौशाला समिति के सदस्यों ने फिल्म की सफलता की कामना करते हुए टीम का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान विजयपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, करण सिंह, सत्यवीर सिंह, रवि शर्मा, अशोक कुमार, धर्मवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भारत को अपमानित करने की कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सोची समझी साजिश : बाटड़



निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने नई दिल्ली में हुई एआई इंपैक्ट समिट में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन करने की घोर निंदा की है। एक बयान जारी कर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में हुई अन्तर्राष्ट्रीय एआई इंपैक्ट समिट में जहां 30 देशों के 300 से अधिक प्रदर्शक शामिल हुए। वहीं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने नेता राहुल गांधी के उकसावे पर की गई यह घिनोनी हरकत कांग्रेस पार्टी के पूर्ण वैचारिक पतन को उजागर करती है। जिलाध्यक्ष बाटड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, प्रगति और राष्ट्र निर्माण के लिए खड़ा है जबकि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस केवल व्यवधान, बाधा और नकारात्मकता का प्रतीक बन गई है। कहा कि इससे यह स्पष्ट है कि कांग्रेस ने एआई इंपैक्ट समिट को बदनाम करने की साजिश बहुत पहले रच ली थी। उन्होंने कहा कि राहुल गाांधी के इशारे पर लोगों को इकट्ठा किया गया और उन्हें शिखर सम्मेलन के लिए पंजीकृत कराया और फिर इस अपमानजनक कार्य के लिए उकसाया गया। कहा कि इस घिनोनी हरकत करने वाले चार कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। कहा कि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा इस तरह की हरकत करने का एकमात्र कारण है कि राहुल गांधी अपने कार्यकर्ताओं के साथ भारत को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ते हुए नहीं देख सकते।

जिलाध्यक्ष बाटड़ ने कहा कि भारत की सफलता का विरोध करना और उसकी सुरक्षा पर सवाल उठाने का कांग्रेस का पुराना ट्रेक रिकॉर्ड रहा है। कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन का नेतृत्व जब भारत कर रहा था तब भी कांग्रेस के पास केवल आलोचना ही थी। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना का भी अपमान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे शहरों में अक्सर बम धमाके होते थे, आज भारत जी20 और एआई इंपैक्ट समिट जैसे वैश्विक सम्मेलनों की मेजबानी कर रहा है। यह एक ऐसा बदलाव है जिसे कांग्रेस स्वीकार नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा बाधा डालने की कोशिशों के बावजूद भी यह ऐतिहासिक आयोजन रहा है। इस समिट में शामिल प्रत्येक राष्ट्राध्यक्ष, एआई विशेषज्ञों और शीर्ष कंपनियों के सीईओ ने भारत की पहल, तकनीकी नवाचार और नेतृत्व की सराहना की है।

## जिले में 934983 पुरुष, 835468 महिलाएं तथा 8 ट्रांसजेंडर सहित 1770459 मतदाता शामिल



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए मतदाता सूचियां के विशेष गहन पुनरीक्षण एस आईआर कार्यक्रम के तहत 4 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक गणना चरण के उपरांत दिनांक 16.12.2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसमें झुंझुनू जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 1731950 थी।

### जिले में विधानसभा मतदाताओं की संख्या

पिलानी विधानसभा क्षेत्र मे 127912 पुरुष, 115464 महिलाएं एवं 1 ट्रांसजेंडर सहित 243377 कुल मतदाता रहेंगे। इसी प्रकार सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 145606 पुरुष, 129900 महिलाओ सहित 275506 मतदाता रहेंगे। झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र में 138688 पुरुष, 125053 महिला एवं 2 ट्रांसजेंडर सहित 263743 मतदाता रहेंगे। इसी प्रकार मंडावा विधानसभा क्षेत्र में 127372 पुरुष, 115722 महिलाएं एवं 1 ट्रांसजेंडर सहित कुल 243095 मतदाता रहेंगे। नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 144513 पुरुष, 129400 महिलाएं तथा 2 ट्रांसजेंडर सहित 273915 मतदाता पंजीकृत रहेंगे। उदयपुरवाटी में 133044 पुरुष, 117329 महिलाएं एवं 2 ट्रांसजेंडर सहित 250375 मतदाता रहेंगे। खेतड़ी में 117848 पुरुष, 102600 महिला सहित 220448 कुल मतदाता रहेंगे। जिले में 934983 पुरुष, 835468 महिलाएं तथा 8 ट्रांसजेंडर सहित 1770459 मतदाता रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे आपत्तियां प्राप्त किए गए। इस अवधि में जिले में 49621 फॉर्म 6/6 एए 9337 फॉर्म 7 तथा 19235 फॉर्म 8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरन अधिकारी द्वारा दावे एवं पत्तियां हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची में फॉर्म 9, 10, 11, 11, और 11 बी में तैयार की गई ओर ऐसी सूचियां को नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया, जिसमें 1731950 मतदाताओं में 2.22: वृद्धि के उपरांत कुल मतदाताओं की संख्या 1770459 हो चुकी है। उक्त सूचिया जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है तथा कोई भी मतदाता इस सूची में अपना नाम ऑनलाइन एपिक सर्च के माध्यम से देख सकता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी बैठक आयोजित कर जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, हटाना, प्रविष्टि में संशोधन एक अनवरत प्रक्रिया है जो सतत जारी रहेगी।

## बाबा श्याम का शीश पहुंचा तारानगर, भक्तों ने किया स्वागत



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे के चूरू-सरदारशहर बाईपास मार्ग पर स्थित विनायक रिसोर्ट में 22 फरवरी शाम को आयोजित होने वाले कृपा श्याम की भव्य भजन संध्या को लेकर शनिवार को बाबा श्याम का शीश जयपुर से तारानगर लाया गया। बाबा श्याम के शीश के तारानगर पहुंचने पर रोडवेज बस स्टैंड पर पुलिस थाने के आगे कस्बे के श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के शीश की पूजा अर्चना कर उसका स्वागत किया। पूजा अर्चना के बाद श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के शीश की कस्बे में गाजे-बाजे के साथ नाचते झूमते हुए शोभायात्रा निकाली। इस मौके पर अनेक श्याम भक्त मौजूद रहे। श्याम प्रेमी प्रदीप सरावगी और रेणु सरावगी ने बताया कि तारानगर के श्याम प्रेमी परिवार के सौजन्य से विनायक रिसोर्ट, दिल्ली सरदारशहर रोड खेतरपाल मंदिर के पासए तारानगर में 22 फरवरी शाम 7 बजे बाबा श्याम का भव्य कार्यक्रम कृपा श्याम की का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुतियां देने के लिए तुषार चौधरी कोलकाता, सोमेश जैन जयपुर, महेश पारीक मुंबई, शिवम जैन कानपुर, संगीत हनुमान म्यूजिकल ग्रुप मुंबई, श्याम श्रृंगार शंकर सैन जयपुर आएंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होकर रात को प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में बाबा का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत तथा रात को सामूहिक महाप्रसाद की भी व्यवस्था है।

## भागवत कथा समापन



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के डाडा फतेहपुरा के डाडा गांव स्थित ठाकुरजी मंदिर परिसर में आयोजित श्री भागवत कथा का शनिवार को समापन विधिवत हवन और विशाल भंडारे के साथ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन समारोह के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन और पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। इसके उपरांत मंदिर परिसर में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। कथा के अंतिम दिन व्यासपीठ से धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन मूल्यों का संदेश दिया गया। आयोजकों और श्रद्धालुओं ने कथा के सफल और शांतिपूर्ण समापन पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर हरपाल सिंह निर्वाण, महावीर मीना, पाबुदान सिंह, सत्यपाल सिंह, रोहिताश मीना, वीरेंदर सिंह, पवन सिंह, रामनिवास मीणा, जयसिंह निर्वाण, जगमाल सिंह निर्वाण सहित कई ग्रामीण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गृह प्रवेश पर इफ्तारी आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** हुडास गांव में अपने नए घर के गृह प्रवेश के अवसर पर डॉ. केसाराम हुड्डा ने सामाजिक सौहार्द की प्रेरणादायी मिसाल पेश की। इस अवसर पर जहां दिन में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, वहीं रमजान के महीने का ख्याल रखते हुए शाम को मुस्लिम समाज के रोजेदारों के लिए इफ्तारी की विशेष व्यवस्था की गई। हुड्डा ने रोजेदारों को रोजा खुलवाकर आपसी भाईचारे, सद्भाव और सम्मान का संदेश दिया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए और आयोजन की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम, विश्वास और एकता की भावना मजबूत होती है। इफ्तारी के दौरान शांति, सद्भाव और सामाजिक समरसता पर चर्चा हुई। स्थानीय ग्रामीणों ने डॉ. हुड्डा के इस कदम को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक संदेश देने के साथ विभिन्न समुदायों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूती प्रदान करते है।

## क्विज प्रतियोगिता आयोजित




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दयानंद विद्या विहार स्कूल में कक्षा 11 के विद्यार्थियों के मध्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ क्विज में भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में टीम बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा टीम सी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के संचालन में संतोष सोनी, अनस रसूल, इशिता का सराहनीय योगदान रहा। बच्चों को उनकी बुद्धिमता चैक करने के लिए प्रश्न पूछे गए और हाजिर जवाबी जांची गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता अग्रवाल ने बताया कि क्विज के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह काफी अच्छा रहा।


## श्याम भक्तों ने उठाया निशान



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के मोती सिंह की ढाणी स्थित श्री श्याम हनुमान मंदिर से श्याम भक्तों ने खाटूश्याम के लिए उत्साह से श्याम निशान उठाए। डीजे पर श्याम भजनों की धुन पर नाचते गाते श्याम भक्त खाटू रवाना हुए। भक्त स्व. रामावतार किरोड़ीवाल के पुत्र रवि के सानिध्य में राकेश किरोड़ीवाल, रचना, बबली, पुष्पा देवी, सुलोचना देवी, कृष्णा दहिया, सरोज देवी, कांता, पूजा, आरती आदि खाटूश्याम धाम रवाना हुए।

## एसएससी सीजीएल पर कॅरियर गाइडेंस सेमिनार आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित प्रिंस कॉलेज में एसएससी सीजीएल पर कॅरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता प्रिंस कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी एवं हाल ही में एसएससी सीजीएल में चयनित रोहित गढ़वाल रहे। सेमिनार में रोहित ने प्रिंस कॉलेज के साथ अपनी सक्सेस स्टोरी शेयर करते हुए विद्यार्थियों को स्ट्रेटजिक अप्रोच के साथ स्टडी एवं अधिकाधिक प्रीवियस ईयर क्वेश्चन पेपर्स प्रेक्टिस हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा ने रोहित गढ़वाल का साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रिंस कॉलेज प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जयसिंहए प्राचार्य डॉ. मनीष यादव, कॉर्डिनेटर अनिल शर्मा सहित समस्त स्टाफमेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण ओवरलोड डंपरों से परेशान, आए दिन पत्थर गिरने से बनी रहती है हादसे की आशंका



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के पपुरना के ग्रामीणों के लिए बैखोफ चल रहे ओवरलोड डंपर परेशानी का सबब बन रहे है। ग्रामीणों ने शनिवार को विरोध जताकर ओवरलोड डंपरों पर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कोई कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीणों की ओर से ओवरलोड डंपरों का संचालन बंद करवाया जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया की पपुरना से क्रेशर पर जाने वाले डंपर ओवरलोड तथा ओवरस्पीड से जाते हैं। जिससे पत्थर गिरने का खतरा रहता है। सुबह भी एक डंपर से बड़ा पत्थर सड़क पर आ गिरा, इस दौरान कोई मौके पर मौजूद नहीं होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। सड़क के नजदीक ग्रामीण आवास होने कारण बच्चे बाहर घूमते रहते हैं। ओवरलोड डंपरो से नुकसान होने की बहुत संभावना रहती है। ग्रामीणों को ओवरलोड डंपरों से हो रही परेशानी को लेकर हो डंपरों के ड्राइवरो और क्रेशर मालिकों को इसकी सूचना पहले भी दे दी गई थीए लेकिन इसके बावजूद कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। डंपर ड्राइवर ओवरलोड डंपरों को बैखोफहोकर दौड़ा रहे है, जिससे आए दिन हादसा होने का भय बना रहता है। ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए इन्हें पाबन्द किया जाए कि जो भी ओवरलोड वाहन ग्रामीण एरिया में से गुजरे वह स्पीड के साथ-साथ सुरक्षा का भी ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि ओवरलोड चलने वाले डंपरों के ड्राइवरो को पाबन्द नहीं किया गया तो शीघ्र ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसका जिम्मेदार शासन और प्रशासन होगा। इस मौके पर हनीफ, विक्की गुप्ता, अंकित कुमार, दयाराम, कैलाश चंद, प्रदीप कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## आशीष ने जेईई मेंस में 97.17 पर्सेंटाइल प्राप्त किए



निसं

चिड़ासन (नवयत्न)। क्षेत्र के हुकमा की ढाणी के बेटे आशीष पुत्र सुरेन्द्र सिंह धायल एवं माता सुमन दोनों सरकारी सेवा में है, आशीष की परवरिश ननिहाल हरड़िया में हुई। अपने ननिहाल में पढ़ाई की शुरूआत कर के हरडिया गाँव के पास स्थित एसएमपी स्कूल करवाली जिला सीकर में कक्षा 10वी क्लास में अध्ययन कर के जेईई मेंस में 97 .17 पर्सेंटाइल प्राप्त कर के अपने स्कूल व अपने ननिहाल हरडिया का नाम रोशन किया। आशीष की सफलता की जानकारी उनके दादा बुधराम धायल व दादी चिड़िया पायल निवासी हुकमा की ढाणी तहसील बुहाना जिला झुंझुनू को मिली तो वे दोनों खुशी के मारे फूले ना समाए। इस पर दादा ने खुशी में अपने घर पर अपने पड़ोसियों को आशीष की सफलता पर ग्रामीणों को मिठाई बाँटकर खुशी जताई। आशीष सीकर के मेट्रिक्स कोचिंग सेंटर से कोचिंग कर जेईई मैंस में 99 .41 पर्सेन्टाइल से टॉप रैंक हासिल की है। आशीष अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु जगदीश एवं नानी शांति देवी व मामी मंजू देवी को देता है। आशीष का कहना है मम्मी-पापा दोनों सरकारी सेवा में होने के कारण उसकी पढ़ाई व परवरिश दोनों ननिहाल में ही हुई। आज उसके ननिहाल और पूरे गाँव में खुशी का माहौल है।

## भाजपा नेता दहिया का हुआ अभिनंदन



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** नवसर्जित ग्राम पंचायत भापर में भाजपा नेता दहिया का नागरिक अभिनंदन हुआ। ग्रामवासियों ने भापर को नई ग्रामपंचायत बनाये जाने पर दहिया का आभार व्यक्त किया। साथ ही इस खुशी के मौके पर फुलों की होली समारोह भी किया गया। इस अवसर पर सूरजगढ़ प्रधान बलवान सिंह, पंस सदस्य पवन मेघवाल, संदीप भड़िया, दयानंद कुमावत, ओम प्रकाश बुडानिया, गंगाधर कुमावत, भोलाराम, प्रहलाद सिंह बुडानिया, प्रहलाद नायक, विष्णु नायक, अजय, विद्याधर बुडानिया, सुनील ठेकेदार, हनुमान बेदवाल, सुरेश बुडानिया, उम्मेद सिंह, कर्मपाल, श्रीराम कालीरावणा, महेंद्र सिंह डीलर, राजवीर धींवा, रमेश नागवान, बसंतलाल, पवन गुर्जर, मदन चनेजा, नवीन बुडानिया, विद्याधर बुडानिया, हेमराज कुमावत, नौरंगलाल, गोविंद राम सेन, ओमप्रकाश जांगिड़, मातृ शक्ति सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण के मामले में हाईकोर्ट ने जारी किए नोटिस

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के नया बाजार क्षेत्र में आवासीय परमिशन के स्थान पर व्यावसायिक निर्माण करने के मामले में हाईकोर्ट ने अब नोटिस जारी कर दिए हैं। खास बात तो ये है कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने राजस्थान सरकार, स्वायत शासन विभाग और नगरपरिषद कमिश्नर के लिए रिट पिटिशन की कोपी सरकारी अधिवक्ता एश्वर्य आनंद को प्रदान करने के लिए कहा है, ताकि मामले में विचारण जल्दी शुरू हो सके। इसी प्रकार तीन अन्य के लिए नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार राजेंद्र कुमार सोनी द्वारा स्टेट ऑफ राजस्थान, डायरेक्टर स्वायत शासन विभाग, आयुक्त नगरपरिषद और महेंद्र कुमार, मोहित कौशिक, राजा बाबू सोनी के खिलाफ सिविल रिट पिटिशन राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में दायर की गई थी। रिट पिटिशन में नया बाजार स्थित एक भूमि पर आवासीय निर्माण की परमिशन लेने, फिर उस पर व्यावसायिक निर्माण करने तथा नगरपरिषद के अनेक आदेशों, सीज की कार्यवाही, स्वायत शासन विभाग आदि की कार्यवाही और आदेशों के बारे में जानकारी देते हुए राहत मांगी गई थी। मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय से स्वायत शासन विभाग के 4 नवम्बर 2025 के आदेश को क्वेश किए जाने, नगरपरिषद आयुक्त के 28 अगस्त 2024 के सीजर ओर्डर को रिस्टोर किए जाने, अवैध व्यासायिक निर्माण को तत्काल प्रभाव से सीज करने तथा अवैध निर्माण को तोड़े जाने के आदेश देने, रेस्पोडेंट संख्या चार पर फ्रोड का मामला प्रमाणित होने पर आपराधिक मामले की कार्यवाही किए जाने का निवेदन किया गया था। इस मामले में जस्टिस कुलदीप माथुर ने राजस्थान सरकार, स्वायत शासन विभाग और आयुक्त नगरपरिषद के लिए रिट पिटिशन की प्रति सरकारी अधिवक्ता एश्वर्य आनंद को दिए जाने तथा तीनों रेस्पोडेंट्स की ओर से तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने के आदेश दिए हैं। इसी प्रकार तीन अन्य रेस्पोडेंट्स को नोटिस जारी करने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं।

## ध्रुव व विदुर चरित्र का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रोता



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को कथावाचक दण्डी स्वामी शिवेंद्राश्रम महाराज ने ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। कथा के दौरान झांकियां भी सजाई गई। वहीं विदुर प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुरजी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। भगवान तो प्रेम के भूखे होते हैं और विदुर-विदुरानी ने भगवान को प्रेम से भोजन करवाया तो उन्होंने केले के छिलके भी प्रेम से खा लिए। इस मौके पर यजमान बंटी प्रसाद सोनी व विष्णुकांत पारीक सह पत्नीक थे वही क्षेत्रीय विधायक पुसाराम गोदारा ने भी शिरकत की बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहें।

## मणीठिया की पुण्यतिथि मनाई



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा तारानगर से विनोद जांगिड़ की अध्यक्षता में तहसील कार्यकारिणी पदाधिकारी गण की उपस्थिति में दिल्ली महासभा के संस्थापक पंडित जयकृष्ण मणीठिया जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सोहन लाल देमिवाल, सावरमल छाबड़ा, मीडिया प्रभारी महेदर, जगदीश प्रशाद, रमेश रेडी, विजय, शीशपाल, परमेश्वर, जय वीर, अनिल, किशन, राजेश आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# वैश्विक सम्मेलन में निर्लज्जता का प्रदर्शन, कांग्रेस का वैचारिक दिवालियापन




एआई इंपैक्ट समिट स्थल पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अधनंगे होकर प्रदर्शन करना फूहड़ता की पराकाष्ठा है। निर्लज्जता केवल यह नहीं कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत की अध्यक्षता वाले एक वैश्विक सम्मेलन में शर्ट उतारकर प्रदर्शन करना आवश्यक समझा, बल्कि यह भी है कि कांग्रेस के नेता इस अर्धनग्न प्रदर्शन की प्रशंसा कर रहे हैं और उसके प्रवक्ता टीवी चैनलों पर अपने लोगों की भद्दी हरकत का बिना किसी संकोच बचाव कर रहे हैं। यह कांग्रेस के वैचारिक दिवालिएपन का ही परिचायक नहीं, बल्कि इस सवाल का जवाब भी है कि वह लगातार चुनावी पराजय का सामना क्यों कर रही है और उसकी राजनीतिक जमीन क्यों खिसकती जा रही है। कांग्रेस जिस बेशर्मी से अपने कार्यकर्ताओं के शर्ट उतार विरोध प्रदर्शन के औचित्य को सही सिद्ध करने की कोशिश कर रही है, उससे यह भी रेखांकित होता है कि पीएम मोदी का विरोध करते-करते वह सरकार और देश विरोध के अंतर को पूरी तरह भूल चुकी है।

लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकती कि अंतरराष्ट्रीय महत्व के सम्मेलनों से देश का मान-सम्मान जुड़ा होता है और ऐसे आयोजन देश के कार्यक्रम होते हैं, न कि दल या सरकार विशेष के। कांग्रेस को यह पता ही होगा कि एआई सम्मेलन में एक दर्जन से अधिक देशों के शासनाध्यक्षों और लगभग 75 देशों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ चोटी की एआई कंपनियों और उद्योग जगत के जाने-माने प्रतिनिधि आए हैं।

एक तो दुनिया भर का ध्यान आकर्षित करने वाले आयोजन का स्थल दलगत संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति का माध्यम नहीं हो सकता और दूसरे, यदि कांग्रेस को इस सम्मेलन से कोई शिकायत थी तो वह दिल्ली में ही अन्यत्र कहीं पर भी प्रदर्शन कर सकती थी। भारत मंडपम में छल-छद्म से घुसे अर्धनग्न प्रदर्शन करने वाले युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों की संख्या तो आठ-दस ही थी, लेकिन उन्होंने समूची कांग्रेस को बदनाम करने के साथ ही भारत को असहज करने की कुचेष्टा की।

इस पर हैरानी नहीं कि एआई समिट के आयोजन स्थल में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के भोंडे प्रदर्शन से कांग्रेस के सहयोगी दल भी असहमति जता रहे हैं, लेकिन यह तय है कि कांग्रेस नेतृत्व यह आभास नहीं करने वाला कि उसने दुनिया भर से आए मेहमानों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया के समक्ष अपनी क्षुद्रता का ही परिचय दिया। ऐसे कृत्य राजनीतिक निकृष्टता ही कहे जाते हैं। लज्जा की बात केवल यह नहीं कि कांग्रेस ने मोदी सरकार की नीतियों से अपनी नाराजगी जताने के लिए एक बहुचर्चित अंतरराष्ट्रीय आयोजन स्थल को चुना, बल्कि यह भी है कि उसके प्रदर्शन का तरीका बहुत ही गंदा और जुगुप्सा पैदा करने वाला रहा।

## विशेष आलेख

# संसदीय मर्यादा का घातक क्षरण, यह गहरे संस्थागत संकट का साक्ष्य



लोकतंत्र में विपक्ष का होना केवल संख्याबल नहीं, एक नैतिक अनिवार्यता है। सरकार की आलोचना और उसके निर्णयों पर प्रश्न उठाना विपक्ष का संवैधानिक धर्म है। एक सजग प्रतिपक्ष के बिना लोकतंत्र निरंकुश हो सकता है, किंतु इस बजट सत्र के पहले हिस्से में जो घटा, वह संसदीय परंपरा से विचलन नहीं, बल्कि एक गहरे संस्थागत संकट का साक्ष्य है। यह सत्र विधायी कार्य के लिए नहीं, बल्कि अभूतपूर्व हंगामे और लगातार स्थगन के लिए याद किया जाएगा।

संसद के भीतर उपजे दृश्य राजनीतिक मतभेद से परे, उस मर्यादा का सीधा क्षरण थे जिस पर हमारी व्यवस्था टिकी है। संसदीय लोकतंत्र की सफलता सत्तापक्ष के बहुमत के साथ विपक्ष की गंभीरता पर निर्भर करती है। नि:संदेह सरकार की नीतियों पर सवाल उठने चाहिए। संवाद की गुंजाइश हमेशा रहती है, लेकिन क्या संवाद का स्थान सुनियोजित व्यवधान ने ले लिया है? 2014 और 2019 के जनादेशों ने देश में राजनीतिक स्थिरता और निर्णायक नेतृत्व की आकांक्षा को स्पष्ट किया। आर्थिक अनुशासन और बुनियादी ढांचे के विकास ने आत्मविश्वास जगाया।

विपक्ष की हताशा का एक बड़ा कारण मोदी सरकार द्वारा स्थापित %गवर्नेंस का नया मानक% भी है, जिसे प्रतिपक्ष तानाशाही बताता है और देश का सामान्य नागरिक उसे %निर्णायक क्षमता% के रूप में देखता है। पिछले एक दशक में सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं की %सैचुरेशन% (संतृप्ति) नीति से जो लाभार्थी वर्ग तैयार किया, उसने पारंपरिक वोट-बैंक की राजनीति को ध्वस्त कर दिया है। तकनीकी पारदर्शिता ने बिचौलियों को बाहर कर दिया है। जब सहायता सीधे खाते में पहुंचती है, तो सरकार के प्रति विश्वास का जो सेतु बनता है, उसे केवल शोर से नहीं तोड़ा जा सकता।

मोदी सरकार ने राजनीति को %अस्मिता% से निकालकर %आकांक्षा% पर केंद्रित कर दिया है। विडंबना यह है कि विपक्ष 20वीं सदी के पुराने औजारों से 21वीं सदी की इस नई राजनीतिक वास्तविकता से लड़ने की कोशिश कर रहा है। इतिहास गवाह है। अटल बिहारी वाजपेयी ने विपक्ष में रहते हुए सरकार को तर्कों से घेरा, पर मर्यादा की लक्ष्मण रेखा कभी नहीं लांघी। आज यह अंतर मिट रहा है। विपक्ष की विफलता यह है कि उसने रचनात्मक विकल्प बनने के बजाय %निरंतर प्रतिरोध% को ही रणनीति बना लिया है। हर सरकारी फैसले को नकारात्मक चश्मे से देखना और बिना वैकल्पिक प्रस्ताव के विरोध करना विश्वसनीयता को कम करता है। संसद राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने वाली संस्था है। कोई राजनीतिक अखाड़ा नहीं। प्रधानमंत्री के संबोधन के समय सदन का परित्याग किसी जीवंत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

संसदीय समय की बर्बादी केवल राजनीति नहीं, राष्ट्रीय क्षति है। बजट सत्र को नारेबाजी की भेंट चढ़ाना करदाताओं के पैसे और जन-विश्वास का अपमान है। एक-एक मिनट देश के राजस्व से चलता है। क्या जनता की अपेक्षाओं को कुचलना किसी जिम्मेदार दल को शोभा देता है? यह व्यवहार उस 'प्रतीक्षारत सरकार' की छवि को धूमिल करता है, जिसकी अपेक्षा एक परिपक्व विपक्ष से की जाती है। विपक्ष का तर्क है कि उसे बोलने नहीं दिया जाता, लेकिन क्या सदन का बहिष्कार संवाद का विकल्प हो सकता है? जब अंतरराष्ट्रीय संधियों पर गंभीर चर्चा होनी थी, तब ध्यान भटकाना रणनीतिक चूक है। संस्थागत गिरावट सत्ता की मनमानी से ज्यादा विपक्ष के गैर-जिम्मेदाराना रवैये से भी आती है।

आज भारत वैश्विक पटल पर निर्णायक शक्ति है। एआई समिट और ब्रिक्स जैसी अध्यक्षता हमारी साख बता रही है। अर्थव्यवस्था सरपट दौड़ रही है, लेकिन संसद का आचरण इस वैश्विक कद से मेल नहीं खाता। वेस्टमिंस्टर मॉडल में प्रश्नकाल तीखा होता है, पर कार्यवाही बाधित करना वहां दुर्लभ है। %लोकतंत्र की जननी% होने का दंभ भरने वाला भारत इन मानकों पर पिछड़ नहीं सकता। हमारी जड़ें मजबूत हैं, समाज परिपक्व है, लेकिन अपनी ही संस्थाओं पर अविश्वास जताना आत्मघाती है।

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने चेताया था कि संसदीय व्यवधान राजनीतिक पूंजी नहीं बन सकते। केवल विरोध को विचारधारा मान लेना गठबंधन का आधार नहीं हो सकता। विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के पास अनुभवी नेतृत्व है, पर यह अनुभव तभी सार्थक होगा जब वह सदन पटल पर एक व्यावहारिक माडल रखे। जनता जानना चाहती है कि वर्तमान विकास माडल के बरक्स विपक्ष की दृष्टि क्या है? पुरानी नीतियों के मोह और नकारात्मकता से खोया जनाधार वापस नहीं मिलेगा। विरोध की शैली संवैधानिक होनी चाहिए। 'सड़क के प्रदर्शन' को सदन की प्रक्रिया में घसीटना घातक है। धरना लोकतंत्र का हिस्सा है, पर कानून निर्माण को पंगु बनाना नहीं। एक समर्थ विपक्ष तथ्यों के साथ सरकार को घेरता है। संसद, न्यायपालिका और चुनाव आयोग लोकतंत्र के स्तंभ हैं। इन पर निराधार आरोप लगाना उसी डाल को काटना है, जिस पर आप बैठे हैं। विपक्ष को आंदोलनकारी मानसिकता त्यागकर, एक गंभीर नीति-निर्धारक और रचनात्मक आलोचक की भूमिका में आना होगा। उसे सिद्ध करना होगा कि वे सत्ता संभालने के लिए मानसिक और नैतिक रूप से तैयार हैं।

लोकतंत्र केवल चुनाव जीतना नहीं, उन मूल्यों को सहेजना है, जो राष्ट्र को एक रखते हैं। इतिहास दलों को उनके व्यवधानों के लिए नहीं, राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए याद रखेगा। अब समय है कि संसद की कार्यवाही प्रभावी बनाने के लिए नए उपाय हों। व्यवधान से नष्ट समय की भरपाई अतिरिक्त काम से हो। एक सर्वदलीय %मर्यादा संहिता% बने, जो दलगत राजनीति से ऊपर हो। मीडिया को भी सोचना होगा कि क्या वह शोर को जगह देकर इस ह्रास का भागीदार बन रहा है? लोकतंत्र महज व्यवस्था नहीं, %लोकलाज% और राष्ट्रहित से चलने वाली संस्कृति है। संवाद इसकी आत्मा है; यदि संवाद का गला घोंटा गया, तो केवल ढांचा बचेगा।

विपक्ष को अपने स्वर में तर्क की शक्ति लानी होगी, शोर की नहीं। असहमति शत्रुता नहीं, वैकल्पिक दृष्टि है। मर्यादा और %राष्ट्र-प्रथम% का संकल्प ही वह मार्ग है, जिससे लोकतंत्र अपनी वैश्विक भूमिका निभा पाएगा। चुनाव हमारा है-हम उदाहरण बनना चाहते हैं या चेतावनी?

## आज का राशिफल

### मेष
पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

### वृष
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

### मिथुन
प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

### कर्क
चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

### सिंह
पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### कन्या
पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

### तुला
घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

### वृश्चिक
विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### धनु
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

### मकर
फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

### कुंभ
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

### मीन
रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# चेहरे पर चावल का आटा लगाने से दूर होती हैं कई समस्याएं

चावल का आटा हमारी से सेहत को तो दुरुस्त रखता ही है, साथ ही ये हमारे फेस के लिए भी काफी फायदेमंद है। चावल का आटा चेहरे पर लगाने से चेहरे की रंगत निखरती है, चेहरे के दाग-धब्बे दूर होते हैं, चेहरा चमकदार बनता है और टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। चावल का आटा एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और फोलिक एसिड से भरपूर होता है, जो चेहरे की कई समस्याओं को दूर करते हैं। इसका इस्तेमाल त्वचा के एक्सेस ऑयल को निकालने के लिए भी कर सकते हैं। चावल का आटा चावल को पीसकर बनाया जाता है। 1 चम्मच चावल के आटे को मलाई में मिला कर मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को डार्क सर्कल पर अप्लाई करें। 15-20 मिनट इसे लगा रहने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें। लगातार ऐसा करने से डार्क सर्कल की समस्या दूर होती है। हफ्ते में दो बार इस नुस्खे को ट्राई कर सकते हैं।



### रंगत निखारने के लिए

चावल का आटा त्वचा के नैचुरल रंगत को निखारने में मदद करता है। एक कटोरी में 1 चम्मच चावल का आटा, मैश किया हुआ कच्चा आलू, आधा चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल मिला लें। अब इस मिश्रण को स्क्रब के जैसा चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट इस मिश्रण को लगाने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें।

### दाग-धब्बे दूर करें

दाग-धब्बे चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। दाग-धब्बे कम करने के लिए 1 चम्मच चावल का आटे में 1 चम्मच गुलाब जल और 1 चम्मच बादाम का तेल मिक्स कर लें। इस मिश्रण को हफ्ते में 3 बार चेहरे के दाग-धब्बों पर लगाएं। जल्द ही आपको फर्क नजर आएगा।

### मुहांसे की समस्या होती है दूर

चावल के आटे में ऑयल अब्सोर्बिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। ज्यादा ऑयल चेहरे पर कील-मुंहासों को बढ़ाते हैं। इसलिए ऑयली स्किन वाले लोग चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकते है। इसको बनाने के लिए दो चम्मच चावल के आटे में गुलाबजल मिलाएं।इसका एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगा रहने दें। फिर नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें।

### ग्लो पाने के लिए

चेहरे के चमक बढ़ाने के लिए आप चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसको बनाने के लिए 1 चम्मच चावल का आटा, चंदन पाउडर और दही का एक पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। इस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में 2 बार कर सकती हैं। ध्यान रखें, चावल का आटा फेस पर लगाने से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें।

# हाई ब्लड प्रेशर रोगी रोज खाएं यह ड्राई फ्रूट्स, कंट्रोल रहेगी बीपी

ड्राई फ्रूट्स का सेवन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ड्राई फ्रूट्स में हेल्दी फैट्स के साथ ही ओमेगा-3 फैटी एसिड, पोटैशियम, मैग्नीशियम, डाइट्री फाइबर, कैल्शियम, कॉपर, आयरन, विटामिन ए, सी, ई, के जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं। इसके अलाव इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी अच्छी मात्रा में होते हैं। जिससे यह न सिर्फ शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करने में मदद करते हैं, बल्कि कई सेहत को कई लाभ प्रदान करने के साथ ही कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।

**सूखे आलूबुखारा :** आलूबुखारा में पोटेशियम प्रचुर मात्रा में मौजूद होता है। जिससे यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में बहुत लाभकारी है। आप रात भर भीगे हुए सूखे आलूबुखारे का सुबह सेवन कर सकते हैं। आप ब्रेकफास्ट या सुबह खाली पेट दूध के साथ सूखे आलूबुखारा का सेवन कर सकते हैं।

**सूखे अंजीर :** सूखे अंजीर में डाइट्री फाइबर, मैग्नीशियम, पोटैशियम की भरपूर मात्रा होती है। जिससे यह ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है।



**काजू :** काजू खाने से खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद मिलती है। साथ ही इसमें सोडियम का स्तर कम होता है और पोटेशियम की अच्छी मात्रा में मौजूद होते है। जिससे हाई बीपी को कंट्रोल करने में फायदेमंद है।

**बादाम :** बादाम में अल्फा टोकोफेरोल नामक यौगिक मौजूद होते हैं, जिन्हें शरीर में ब्लड प्रेशर के सामान्य स्तर को बनाए रखने के लिए जाना जाता है। इसके अलावा ये हेल्दी फैट्स और विटामिन ई का बेहतरीन स्रोत हैं। इसलिए हाई ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए बादाम का सेवन बहुत लाभकारी है। आप 7-8 रातभर भीगे हुए बादाम का सेवन कर सकते हैं।

# गिलोय का सेवन करने के मिलते है यह खास फायदे

आयुर्वेद में गिलोय का अमृता कहा जाता है और सदियों से इसका इस्तेमाल बुखार, सर्दी-खांसी आदि को ठीक करने के लिए किया जा रहा है। जहां तक आम लोगों के बीच गिलोय की लोकप्रियता की बात है तो कोरोना ने इसे घर-घर में पॉप्युलर बना दिया है और अब इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए लोग गिलोय के काढ़े से लेकर, जूस और गोलियों तक का सेवन कर रहे हैं। आयुर्वेद के जानकारों के अनुसार, पान के पत्ते की तरह दिखने वाले गिलोय की पत्तियों में कैल्शियम, प्रोटीन, फॉस्फोरस भरपूर मात्रा में होता है। जबकि इसके तने में स्टार्च की अधिकता होती है। आयुर्वेद एक्सपर्ट्स के अनुसार, गिलोय रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही कई बीमारियों से भी बचाव करता है।

**बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ाता है :** अमृता यानी गिलोय रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जाना जाता है, तभी तो कोरोना काल में गिलोय की मांग बहुत अधिक बढ़ गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह वायरस से होने वाली बीमारियों से शरीर को बचाता है और सर्दी-जुकाम से बचाने में भी कारगर है क्योंकि इसकी तासीर बहुत गर्म होती है। बुखार में भी इसके सेवन की सलाह दी जाती है।

**ब्लड प्लेटलेट्स बढ़ाता है :** डेंगू होने पर ब्लड प्लेटलेट्स तेज़ी से कम होने लगते हैं ऐसे में आयुर्वेद विशेषज्ञ मरीजों को गिलोय के सेवन की सलाह देते हैं, क्योंकि इससे प्लेटलेट्स तेजी से बढ़ने लगते हैं। गिलोय के हरे तने को काटकर अच्छी तरह साफ करने के बाद इसे पानी में करीब आधे घंटे तक उबाला जाता है और जब पानी का रंग हरा हो जाए तो इस पानी को छानकर मरीज को दें। दरअसल, गिलोय में एंटीपायरेटिक तत्व होता है जो डेंगू के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है और इससे इम्यूनिटी भी बढ़ती है जिससे मरीज जल्दी ठीक हो जाता है।



**जॉन्डिस में फायदेमंद :** गिलोय न सिर्फ बुखार और सर्दी-खांसी, बल्कि जॉन्डिस यानी पीलिया के मरीजों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आयुर्वेद के जानकारों का मानना है कि गिलोय के पत्तों का रस पीने से पीलिया के मरीज़ों को आराम मिलया है और इसकी वजह से होने वाला बुखार और दर्द भी कम होता है।

**पाचन को दुरुस्त रखता है :** यदि आप अक्सर पेट से जुड़ी बीमारियों से परेशान रहते हैं, तो गिलोय का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि इसके नियमित सेवन से कब्ज और गैस जैसी समस्याओं से राहत मिलती है और पाचन तंत्र ठीक तरह से काम करता है।

**एनीमिया में फायदेमंद :** आयुर्वेद विशेषज्ञों के मुताबिक, जिन लोगों को खून की कमी होती है उन्हें भी गिलोय का सेवन करना चाहिए, क्योंकि गिलोय में ग्लूकोसाइड और टीनोस्पोरिन, पामेरिन और टीनोस्पोरिक एसिड की मात्रा अधिक होती है जो शरीर में खून की कमी दूर करने में मददगार है।

**गिलोय का सेवन किसे नहीं करना चाहिए :** इस बात में कोई दो राय नहीं है कि गिलोय बहुत फायदेमंद है, लेकिन हर चीज़ की तरह इसके भी कुछ साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसलिए कुछ लोगों को विशेष परिस्थितियों में इसका सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसकी तासीर बहुत गर्म होती है इसलिए प्रेग्नेंट महिलाओं को भूल से भी गिलोय का सेवन नहीं करना चाहिए र न ही 5 साल से कम उम्र के बच्चों को गिलोय देना चाहिए। इसके अलावा जिन लोगों को ब्लड शुगर लेवल कम रहता है, उन्हें भी इसके सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि गिलोय ब्लड शुगर लेवल को और कम कर सकता है। जिन लोगों का पाचन कमजोर है उन्हें भी गिलोय के सेवन से बचने की जरूरत है।

**कितनी मात्रा में इसका सेवन करना सही है :** गिलोय की कितनी मात्रा सुरक्षित होती है यह सेवन करने वाले की उम्र स्वास्थ्य स्थितियों पर निर्भर करती है। इसकी सही मात्रा की जानकारी के लिए आयुर्वेद विशेषज्ञों से सलाह लें और उनके निर्देशानुसार है इसकी खुराक लें।

# बिना दहेज, सादगी से रचाई शादी बनी चर्चा



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** आज के दौर में जहां शादियां दहेज के दिखावे और फिजूलखर्ची में उलझती जा रही हैं, वहीं डीडवाना जिले के प्रदीप गुर्जर ने अपनी शादी में दहेज लेने से इनकार करते हुए मात्र एक रुपया और नारियल स्वीकार कर समाज को सादगी अपनाने का संदेश दिया है। उनका विवाह मेड़ता रोड की कंचन के साथ सादगी से धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। यह कदम सामाजिक सुधार की दिशा में प्रेरणादायी पहल है।

### टीके की राशि और उपहार भी लौटाए

विवाह के दौरान वधू पक्ष की ओर से शगुन के रूप में नकद राशि और उपहार भेंट किए गए, लेकिन दूल्हे पक्ष ने उन्हें सम्मानपूर्वक लौटा दिया। दूल्हे प्रदीप का कहना है कि दुल्हन ही हमारे घर की सबसे बड़ी लक्ष्मी और सच्चा दहेज है। हमें किसी अन्य भौतिक वस्तु की आवश्यकता नहीं, बस प्रेम, विश्वास और संस्कारों की जरूरत है। दोनों परिवारों के मार्गदर्शन-प्रदीप के पिता भंवरलाल गुर्जर और कंचन के पिता नारायण राम गुर्जर की सहमति में यह आयोजन बिना दिखावे के संपन्न हुआ।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार से जुड़ा है परिवार

श्री बापूजी संस्थान निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुर्जर ने बताया कि यह परिवार अखिल विश्व गायत्री परिवार से जुड़ा हुआ है। परम पूज्य गुरुदेव और माताजी के आदर्शों से प्रेरित होकर परिवार ने दहेज जैसी कुप्रथा को नकार दिया। गायत्री शक्तिपीठ डीडवाना की व्यवस्थापिका डॉ. ईशा गुर्जर ने कहा कि मां गायत्री की कृपा से प्रेरित यह कदम समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण है। दहेज एक अभिशाप है और ऐसे प्रयास इसे जड़ से खत्म करने में सहायक सिद्ध होंगे।

# उदय सिंह ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझनू में भौतिक शास्त्र विभाग में सहायक आचार्य पद पर कार्यरत गांव देवरोड निवासी उदय सिंह नेहरा ने भौतिक शास्त्र विषय में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर से शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शोध पर्यवेक्षक के साथ-साथ माता विमला देवी, पिता हनुमान सिंह नेहरा व पत्नी मोनिका सहित परिवार जनों एवं मित्रों को दिया है। डॉ. नेहरा ने धात्विक नैनो कणों के साथ अरेखिक सतही तरंगों की परस्पर क्रिया का अध्ययन विषय पर डूंगर कॉलेज बीकानेर के प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार नागर के मार्गदर्शन में किया है। मोरारका कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह न्योला ने डॉ उदय सिंह नेहरा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने डॉ नेहरा को शुभकामनाएं दी हैं।

# श्याम महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** श्री श्याम सखा मंडल सुजानगढ़ द्वारा श्याम दरबार में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। मंडल सेटलर ट्रस्टी रामावतार मंत्री ने बताया की श्याम महोत्सव 2026 की कलश यात्रा व भंडारे की तैरूारियों को अंतिम रूप दिया गया और श्याम श्रृंगार की सेवा श्याम की फौज को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में महेश सोनीए किशन सोनीए भारत तूनवालए सत्यनारायण करवा, विष्णु व्यास सुरेश क्याल, भंवरलाल प्रजापत, बजरंग जांगिड़, मनीष शर्मा, संजय सोनी, शिवम मंत्री, प्रदीप सोनी, पिंटू सोनी, राहुल पारीक, भवानी आदि उपस्थित रहे। आपको बता दें कि 27 फरवरी से श्याम महोत्सव के तहत निशान यात्रा, भजन संध्या आदि के कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

# पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पिछले छह माह में परिणय सूत्र में बंधे नव दंपत्तियों के सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना के साथ 22 मार्च को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में सुबह नौ बजे से देहली वंदन-निशुल्क पंच कुंडीय का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को यज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इस आयोजन में कोई भी नव दंपत्ति शामिल हो सकते हैं। इसके लिए कोई शुल्क नहीं हैं और न ही कोई सामग्री लाने की आवश्यक्ता है। सुबह नौ बजे तक यज्ञशाला में प्रवेश करने वाले जोड़ों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। मां मंगला गौरी के सोडशोपचार पूजन के बाद गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ में विशिष्ट हवन सामग्री से आहुतियां प्रदान की जाएंगी। यज्ञ के बाद नव दंपत्ति ठाकुर श्री राधा गोविंद देवजी मंदिर के गर्भ गृह की देहली पर ढोक देकर सुख-सौभाग्य की कामना करेंगे। गोविंद देवजी मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी जोड़ो को ठाकुरजी का चित्र, दुपट्टा और गायत्री परिवा की ओर से गृहस्थ जीवन से जुड़ी पुस्तकों का सेट प्रदान किया जाएगा। नए जोड़ों के अलावा अन्य श्रद्धालु भी हवन में शामिल होकर आहुतियां प्रदान कर सकेंगे। यज्ञ 9 से दोहपर 12 बजे तक चलेगा।

# खाटूश्यामजी के लिए पदयात्राओं का सिलसिला हुआ तेज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खाटू श्यामजी में लक्खी मेला शनिवार को प्रारंभ हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। उधर, छोटीकाशी से खाटूश्यामजी के लिए पदयात्राओं का सिलसिला तेज हो गया है। शनिवार को एक दर्जन से अधिक पदयात्राएं खाटू के लिए रवाना हुई। पदयात्राओं के कारण सीकर रोड का दृश्य रींगस-खाटू रोड जैसा हो गया। चारदीवारी, शास्त्रीनगर, झोटवाड़ा, कालवाड़ रोड, मुरलीपुरा, सीकर रोड से दर्जनों पदयात्राएं शनिवार को रंग-बिरंगे निशान के साथ रवाना हुई। पदयात्रियों की सेवा में जगह-जगह भंडारे लगाए गए। जहां खाने-पीने की नि:शुल्क व्यवस्था की गई। शाम को सभी भंडारों में श्रीश्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में श्री श्याम सत्संग मण्डल समिति ट्रस्ट, जयपुर के तत्वावधान में खाटूश्याम जी की पदयात्रा शनिवार को चौगान स्टेडियम से जयकारों के साथ रवाना हुई। चौगान स्टेडियम से आरती के साथ पदयात्रा प्रारंभ हुई पदयात्रा में सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु श्याम प्रभु का निशान लेकर चल रहे थे। छोटी चौपड़ पर पदयात्रा पहुंची तो माहौल श्याममय हो गया। व्यापार मंडलों की ओर से पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया गया।



### निशान के साथ विजयबाड़ी से पदयात्रा रवाना

विजयबाड़ी पथ नंबर सात स्थित श्री श्याम मंदिर से शनिवार को जयकारों के साथ खाटू धाम के लिए पदयात्रा रवाना हुई। निशान पूजन के बाद श्याम प्रभु की आरती की गई। मंदिर से ऊंट, घोड़े, हाथी, बग्गी, पालकी, लवाजमा, बैंड, डीजे पर पुरुष-महिलाएं, बच्चे नाचते हुए चल रहे थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया गया। शोभायात्रा सीकर रोड तक निकाली गई। इसके बाद पदयात्री हरमाड़ा के लिए बढ़ चले।

### आज रवाना होगी सबसे प्राचीन पदयात्रा

कांवटियों का खुर्रा रामगंज स्थित श्री श्याम प्राचीन मंदिर से महंत पंण्लोकेश मिश्रा के सानिध्य में श्री श्याम सत्संग मंडल संस्था की 60 वीं पदयात्रा रविवार को सुबह 11:15 बजे बैंडबाजा, लवाजमे के साथ खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेगी। इससे पूर्व शनिवार को निशान पूजन आचार्य पंण्गिरधर शर्मा के आचार्यत्व मे किया गया। इसके बाद भजनामृत सत्संग में भजनों से गुणगान किया गया। संस्था के अध्यक्ष अशोक मिश्रा और कुंजबिहारी आभास वालों ने बताया कि पदयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। रामगंज से चांदपोल तक केवल पदयात्री ही नजर आएंगे। चांदी के रथ में श्याम प्रभु को विराजमान कर चंवर डुलाते हुए ले जाया जाएगा। झोटवाड़ा रोडए चौमूं पुलियाए भवानी निकेतनए ढहर के बालाजी होते हुए पदयात्रा सीकर रोड पर आएगी। रात्रि विश्राम हरमाड़ा में होगा। चौमूं, गोविंदगढ़, रींगस होते हुए पदयात्रा 26 फरवरी को खाटूधाम पहुंचेगी। 27 फरवरी को फाग महोत्सव, छप्पन भोग, चंग-धमाल का आयोजन जयपुर वालों की धर्मशाला में होगा।

# नि:शुल्क योग व प्राणायाम शिविर का शुभारंभ

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** नगरवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने के उद्देश्य से सुमंगलम् हॉस्पिटल व चरक पंचकर्म केन्द्र में शनिवार से नि:शुल्क योग व प्राणायाम शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी वासुदेव चाकलान व देवकिशन स्मृति सेवा समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी द्वारा भगवान धन्वंतरि के आगे दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था प्रमुख वैध लक्ष्मीनारायण शर्मा ने इस अवसर पर सभी का स्वागत व अभिनंदन करते हुए बताया कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना से शिविर आयोजित किया गया है जिसमें अनुभवी योग प्रशिक्षकों के सानिध्य में रोजाना योगिक क्रियाएं व प्राणायाम का अभ्यास करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त समय-समय पर योग्य चिकित्सकों द्वारा मौसमी बिमारियों से बचाव हेतु आहार प्रतिहार के बारे में सलाह दी जाएगी। शिविर का समय प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक रखा गया है व जिसमें मौसम अनुसार परिवर्तन किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि अधिकाधिक संख्या में पहुंच कर शिविर का लाभ उठाएं। इस अवसर पर हाल ही में हॉस्पिटल में अनुभवी प्रसुति व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आभा कालरा के ज्वाइन करने पर उनका भी हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत किया गया। इस नेक कार्य के शुभारंभ हेतु सभी ने वैध लक्ष्मीनारायण को धन्यवाद दिया। उपस्थित नागरिक वृंदों को विश्वनाथ सोनी ने योगाभ्यास व प्राणायाम करवाया। कार्यक्रम में सीताराम दाधीच, देवेन्द्र यादव, अरूण कुमार शर्मा, प्रोफेसर कल्याण सिंह चारण, सुरेन्द्र चुलैट, हिमांशु मालपुरिया, सुरेन्द्र इन्दौरिया, विक्की लुहार, सरिता देवी, भंवरी देवी, अर्चना शर्मा व चंचल गौड़ आदि ने योगाभ्यास किया।

# दीपयज्ञ में अक्षत से अर्पित की आहुतियां



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गायत्री परिवार की ओर से विराट हिन्दू सम्मेलन के अंतर्गत मानसरोवर के सेक्टर 80 स्थित शहीद कर्नल जयप्रकाश जानू उद्यान में दीपयज्ञ किया गया।

स्नेहा पारीक ने बताया कि दीपयज्ञ में सनातन धर्म से जुड़े परिजनों से संगठित होकर सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर आपसी सद्भाव के साथ वर्तमान चुनौतियों का सामना करने का अनुरोध किया गया। वेद मंत्रों के साथ देवी-देवताओं का भावभरा आह्वान कर पंचोपचार पूजन किया गया। दीपक प्रज्जवलित कर अक्षत के माध्यम से आहुतियां प्रदान की गई। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदार, गायत्री कचोलिया, दिनेश आचार्य, गायत्री प्रसाद दुर्गापुरा चेतना केन्द्र से सुशील कुमार शर्मा, राजेश शर्मा, सीताराम पुजारी, अशोक प्रजापत, वैद्य सत्येंद्र, जे पी मीणा, दिनेश बिहारी शर्मा ने भाग लिया। इस मौके पर साहित्य स्टॉल भी लगाई गई। ब्रह्मभोज में आधे मूल्य पर साहित्य उपलब्ध कराया गया।

# पुण्यतिथि मनाई



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली के संस्थापक पंडित जयकृष्ण मणिठिया की पुण्यतिथि शनिवार को जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा के बनवारी लाल सिलक की अध्यक्षता में मनाई गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने पूज्य गुरुदेव के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने को कहा। कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष सरला देवी, बाबूलाल रोलीवाल, किशनलाल राजोतिया, मुकेश राजोतिया, घनश्याम राजोतिया, कैलाश राजोतिया, भरत राजोतिया, माणकचंद बरवाडिया, गणेश, मीना देवी, संतोष देवी, कृष्णा सहित समाज के गणमान्य उपस्थित थे।

# जयकारों के साथ बाबा श्याम की निकाली भव्य शोभायात्रा



निसं

**मलसीसर ( नवयत्न )।** कस्बे के बाबा प्रेम गिरि महाराज के मठ से निशान शोभायात्रा के साथ श्रीश्याम फागोत्सव का आगाज हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में श्री श्याम फागोत्सव के शुभांरभ पर 151 निशान व धार्मिक झांकियों की प्रस्तुति के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए जो मुख्य मार्ग से होते हुए शिविर स्थल राजगढ़ बाइपास बालाजी मंदिर के पास पहुंची। जहाँ बाबा श्याम का विशाल दरबार सजाया गया। इस दरबार में बाबा श्याम को विराजित कर पूजा अर्चना, ज्योत आरती की जाएगी। साथ ही शनिवार से ही खाटू पैदल यात्रियों के लिए सेवा शिविर शुरू हो किया गया। जिसमें खाटूश्याम पैदल यात्रियों के लिए रहने, भोजन, दवाइयां व अन्य व्यवस्थाएं भी रहेगी। शोभायात्रा में स्कूली बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा प्रस्तुत की गई। शोभायात्रा का जगह -जगह व्यापारियों व ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों के द्वारा देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां सजाई गई।

# फागोत्सव की धूम: पाछां सै मटकी फोरी या काहे की होरी कानूड़ा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से विभिन्न देवालयों के आयोजित फागोत्सव के क्रम में शनिवार को चांदपोल बाजार के जय लाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में श्री प्रेमभाया सरकार का फागोत्सव मनाया गया। ठाकुरजी का पुष्पों का श्रृंगार कर गुलाल अर्पित की गई। भक्तों ने पांछा से मटकी फोरी या काहे की होरी कानूड़ा के साथ फागोत्सव का शुभारंभ किया। ऋषभ साहू ने मत फोड़ो घनश्याम हमारी गगरी, राघव खण्डेलवाल ने होरी होरी होरी आवो खेलां सब होरी, होरी खेल रहे नन्दलाल, से भक्ति रस बरसाया । इस अवसर पर भक्तों ने फुलों की होली खेली। प्रवक्ता लोकेश शर्मा ने आभार प्रकट किया। समिति के अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि रविवार को मां भगवती सेवा समिति के तत्वाधान में मानसरोवर के स्वर्ण पथ स्थित श्री मातेश्वर महादेव



मंदिर में शाम 4:15 से रात्रि 8:30 तक फागोत्सव मनाया जाएगा।

### खोले के हनुमान मंदिर में सजी फागुनिया झांकी

श्री खोले के हनुमान मंदिर में शनिवार को फागोत्सव का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे फुलों की झांकी सजाई गई। शेखावाटी कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। शेखावाटी सांस्कृतिक कला मंदिर के कलाकार सोहनलाल तंवर के नेतृत्व में चंग और ढप पर होली गीत में रसिया और धमाल पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने रासलीला की आकर्षक प्रस्तुति दी। लोक नृत्य के साथ फुलों और गुलाल से होली खेली गई।

### गुलाल से रंगे गजरों से किया श्याम प्रभु का श्रृंगार

श्री गणेश मित्र मंडल का 24वां वार्षिकोत्सव शनिवार को गलता गेट के पास गोवर्धनपुरी स्थित भौमियां जी का मंदिर में मनाया गया। बाबा श्याम का गुलाल से रंगे गजरों से श्रृंगार कर सतरंगी गुलाल अर्पित की गई। छप्पन भोग की झांकी सजाई । अखंड ज्योत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। श्री गणेश मित्र मंडल अध्यक्ष राजकुमार पलडिया ने बताया कि भजन गायक अमित नामा, राज राठौड़, दिनेश गौतम, अनिल, ज्योति पाराशर, राहुल खंडेलवाल, सोनिया शर्मा, कुमार मुकेश, मंजू शर्मा, गौरव सिंह ने फाल्गुनी रचनाओं से रिझाया।

# एसआईआर-2026 अंतर्गत मतदाता सूचियों का हुआ अंतिम प्रकाशन

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर- 2026 अंतर्गत शनिवार को जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि एसआईआर-2026 अंतर्गत शनिवार को जिले के सादुलपुर, तारानगर, सरदारशहर, चूरू, रतनगढ़ एवं सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र की अर्हता दिनांक 01 जनवरी, 2026 के संदर्भ में मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी द्वारा किया गया।

# साइबर ठगी के 1,09,377 रूपए करवाए रिफण्ड

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** साइबर अपराधों पर प्रभावी अकुंश हेतु जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थानाधिकारी गौरव खिड़ियां पुलिस निरीक्षक व थाना टीम द्वारा प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुये 1,09,377 रूपये की राशि वास्तविक स्वामी के खाते में हस्तानांतरित करवायी गयी है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस थाना द्वारा साइबर पोर्टल पर दर्ज विभिन्न शिकायतों में कार्यवाही की जा रही है। साइबर व बैंकों के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुये साइबर पोर्टल पर प्राप्तशुदा परिवाद का अवलोकन कर परिवादी के खाते से स्थानान्तरित राशि का पाथ ट्रेस किया गया। परिवादी के खाता से जिन खातों में पैसा हस्तान्तरित हुआ उनकी केवाईसी डिटेल व स्टेटमेंट प्राप्त किया गया। विभिन्न बैंकों व साइबर पोर्टल के नोडल अधिकारियों से पत्राचार व दूरभाष से सम्पर्क करते हुए परिवादियों की राशि होल्ड करवाते हुए परिवादिगण सुरेन्द्र कुमार निवासी जालेउ बड़ी, आन्नद चौधरी, भंवरलाल निवासी छाबड़ी मिठी, कविता, सुरेन्द्र कुमार निवासी रातुसर की राशि विधि सम्मत कार्यवाही करते हुये उक्त परिवादियों की कुल 109377 रूपयें की राशि परिवादियों के खातें मे जमा करवाई गई।

उक्त रिफण्ड कार्यवाही में मुकेश कानि. 340 व महेन्द्र कानि. 344 की विशेष भूमिका रही। थाना अधिकारी खिड़ियां ने बताया कि ऑनलाईन साईबर फ्रॉड का शिकार होने पर तत्काल साईबर क्राईम हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर अथवा नेशनल साईबर क्राईम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्जकरवाये। किसी अनजान लिंक को ऑपन ना करे जागरूक बने और अपने आस-पास के लोगों को साईबर फ्राड से बचने के लिये जागरूक करे।

# गुर्जर ने की बेढ़म से मुलाकात



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता व स्थानीय देवनारायण भगवान मंदिर समिति ट्रस्ट सुजानगढ़ अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर ने प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म से शिष्टाचार भेंट की है। इस दौरान नरेंद्र गुर्जर ने गुलदस्ता भेंट कर गृह राज्य मंत्री का स्वागत किया और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान जगदीश दौराता, ओमप्रकाश चौहान, मनसुख खटाना आदि भी मौजूद रहे।

# पवित्र गदा यात्रा का किया स्वागत

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** कंचन सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा आयोजित विश्व की ऐतिहासिक 21 फीट अष्टधातु निर्मित पवित्र गदा यात्रा राजपुरा गांव पहुंची। गदा यात्रा के गांव में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं में भारी उत्साह एवं आस्था का वातावरण देखने को मिला। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर एवं जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया। युवाओं द्वारा जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। यह पवित्र गदा वर्तमान में उदयपुर में निर्माणाधीन 11 मंजिला एवं 84 फीट ऊंचे हनुमानजी महाराज मंदिर का हिस्सा है। गदा का वजन



लगभग 1001 किलोग्राम बताया जा रहा है।

यात्रा पिछले कई महीनों से देश के विभिन्न शहरों और गांवों में भ्रमण कर रही है तथा आगामी समय में भी विभिन्न स्थानों पर पहुंचेगी। राजपुरा में यात्रा के दौरान गदा का शिव बालाजी धाम राजपुरा में विधि-विधान से पूजन किया गया। श्रद्धालुओं को भगवान हनुमानजी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों की जानकारी दी गई। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में धर्म, संस्कृति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है तथा समाज में आध्यात्मिक वातावरण को सुदृढ़ बनाना है। इस मौके पर जगदीश प्रसाद लाटा, मांगीलाल राजपुरोहित, अमीचंद जोशी, गणेश लाटा, राजेन्द्र सिंह निर्बाण, रेवंतमल लाटा, लक्ष्मण सिंह चाहर, अजय कुमार, जयसिंह जांगिड़, रणजीत सिंह, राकेश सिहाग, गजानन्द नाई, लोकेश, लक्ष्मण सिंह पुजारी, नरेन्द्र सिंह तंवर, मदन नाई, मनीराम स्वामी आदि अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# सीड्स को डाइट में शामिल करते समय नहीं करनी चाहिए ये गलतियां

हेल्दी रहने के लिए सबसे जरूरी है कि डाइट पर ध्यान दिया जाए। अमूमन हम सभी अपनी डाइट में तरह-तरह की सब्जियों व फल को जगह देते हैं। लेकिन नट्स व सीड्स की तरफ किसी का ध्यान ही नहीं जाता है, जबकि यह भी सेहत के लिए उतने ही जरूरी है। खासतौर से, नट्स तो लगभग पूरी तरह से ही नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। जबकि सीड्स कई तरह के विटामिन, मिनरल्स, हेल्दी फैट्स, ओमेगा-3 फैटी एसिड और प्रोटीन आदि आवश्यक पोषक तत्वों से भरे होते हैं। उदाहरण के लिए, चिया सीड्स ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं, वहीं अलसी के बीज में लिगनेन और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसी तरह, कद्दू के बीज मैग्नीशियम और जिंक का अच्छा स्त्रोत माने गए हैं। ऐसा देखा जाता है कि लोग अगर सीड्स खाते भी हैं, तो उसका सेवन गलत तरीके से करते हैं, जिससे उन्हें फायदे की जगह नुकसान उठाना पड़ता है।



## जरूरत से ज्यादा खाना

यह सच है कि सीड्स सेहत के लिए काफी अच्छे होते हैं और इनके सेवन से आपको कई तरह के फायदे मिल सकते हैं। लेकिन वे कैलोरी से भरपूर भी होते हैं। इसलिए, अगर सीड्स खाते समय उसकी मात्रा का ध्यान नहीं रखते हैं तो ऐसे में आप अतिरिक्त कैलोरी का सेवन कर लेते हैं। लगातार ऐसा करने से आपका वजन बढ़ सकता है। आप दिनभर में एक से दो चम्मच सीड्स ले सकते हैं।

## एक ही तरह के सीड्स का सेवन करना

यह सच है कि सीड्स सेहत के लिए काफी अच्छे होते हैं, लेकिन हर सीड्स में अलग तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसलिए, हमेशा यह सलाह दी जाती है कि आप अलग-अलग तरह के सीड्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। आप कद्दू से लेकर सूरजमुखी तक के बीजों को सेवन करें। हालांकि, कई बार ऐसा होता है कि लोग एक ही तरह के सीड्स का लगातार सेवन करते हैं, जिससे वह अन्य कई जरूरी पोषक तत्वों से वंचित रह जाते हैं।

## गलत तरीके से सेवन करना

सीड्स सेहत के लिए लाभकारी होते हैं, लेकिन उनका सेवन करने का भी एक सही तरीका होता है। जब इन्हें गलत तरीके से खाया जाता है तो सेहत पर विपरीत असर पड़ सकता है। मसलन, अलसी के बीज को पीसकर खाना चाहिए। अलसी के बीज ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं, लेकिन शरीर को साबुत अलसी को पचाने में कठिनाई होती है। उपभोग से पहले उन्हें पीसने से उन्हें पचाना अधिक आसान होता है। साथ ही साथ, पोषक तत्वों का बेहतर अवशोषण होता है।

इसी तरह, अगर आप चिया सीड्स का सेवन करते हैं तो उन्हें खाने से पहले पानी में भिगो लें, जिससे उनकी जेल जैसी कंसिस्टेंसी बन जाए और आप बेहतर तरीके से उन्हें खा सकें।

## प्रोसेस्ड बीज को चुनना

आज के समय में सीड्स को और भी अधिक टेस्टी बनाने के लिए मार्केट में रोस्टेड या सॉल्टेड वैरायटीज में प्रोसेस्ड सीड्स मिलते हैं। लोग इन्हें बेहद चाव से खाते हैं, जबकि इनमें अतिरिक्त ऑयल, शुगर या फिर नमक हो सकता है। जिससे आपकी सेहत को फायदा कम और नुकसान अधिक होता है। बेहतर होगा कि आप कच्चे या फिर बहुत ही कम प्रोसेस्ड सीड्स को चुनें।

# गैस से राहत पाने के लिए ट्राई करें ये आसन

खराब जीवन शैली और खराब खान के कारण सबसे ज्यादा हमारा डाइजेशन प्रभावित होता है। इसके कारण एसिडिटी ब्लोटिंग और गैस की समस्या होती है। कई बार पेट के अंदर गैस फांसी हुई महसूस होती है, जिसे निकलना मुश्किल होता है। पेट से अगर गैस न रिलीज हो तो उल्टी और सिर दर्द जैसी समस्या हो सकती है। अगर आप भी गैस रिलीज करने में संघर्ष करते हैं तो यह कुछ योग मुद्रा गैस रिलीज करने में आपकी मदद कर सकते हैं।



## पवनमुक्तासन

पवनमुक्तासन दो शब्दों से बना है। पवन और मुक्त, इसमें पवन का अर्थ हवा है और मुक्त का अर्थ छोड़ना होता है। यह एक बहुत ही रिलैक्सिंग मुद्रा है, जिससे गैस आसानी से रिलीज हो जाता है।

### कैसे करें पवनमुक्तासन

- इस आसन को करने के लिए मैट बिछाकर कमर के बल लेट जाएं।
- अपनी बाजुओं को शरीर के साइड में रखें और रिलैक्स रहें।
- लेटे हुए गहरी सांस लेते रहें।
- सांस छोड़ते हुए अपने घुटनों को अपनी छाती की ओर लाएं।
- अपनी जांघों को अपने पेट तक लाते हुए हाथों से दबाएं और गहरी सांस लें।
- अब सांस छोड़ते हुए अपने सिर को फर्श से ऊपर उठाएं अपनी ठुड्डी से घुटनों को छूने की कोशिश करें।
- गहरी सांस लेते रहे और इसी आसन में बने रहें।
- अब धीरे-धीरे खुद को रिलैक्स करते हुए शुरुआती स्थिति में लौट आएं।

## मलासन

मालासन, नाम सही पता चल रहा है कि जिस तरह से आप मल त्यागने के लिए बैठते हैं ठीक उसी प्रकार से इस आसन को करना होता है। इस आसन को गारलैंड पोज के नाम से भी जाना जाता है। यह एक स्क्वाटिंग एक्सरसाइज है।

### कैसे करें मलासन

- मलासन करने के लिए आप एक मैट पर खड़े हो जाएं।
- हाथों को अपने बगल में सीधे रखें।
- अब आप जिस तरह से शौच करते हैं उस अवस्था में घुटनों को मोड़कर बैठ जाएं।
- यह ध्यान रहे कि आपके पैर फर्श से फ्लैट सटे हुए हों।
- आप अपनी हथेलियां को पैर के पास फर्श पर रखें या फिर प्रार्थना की मुद्रा में अपनी छाती के सामने जोड़ सकते हैं।

# मूंगफली को भिगोकर खाने से मिलते हैं ये कमाल के फायदे

मूंगफली पोषक तत्वों का पावर हाउस है। इसमें वो सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो आपके हेल्थ को प्रमोट कर सकते हैं। इसमें फैट्स, प्रोटीन, फाइबर,पोटेशियम, विटामिन बी, मैग्नीशियम,फोस्फोरस पाए जाते हैं। कैलोरी हाई होने के बावजूद भी यह वजन घटाने के लिए बेहतर विकल्प है।

**क्यों फायदेमंद है भीगी हुई मूंगफली :** एक्सपर्ट के मुताबिक जब आब किसी भी ड्राई फ्रूट्स को भिगोते हैं तो इससे उनकी पोषण सामग्री बढ़ सकती है। दरअसल इनके छिलकों में फाइटेट्स और ऑक्सलेट होते हैं जो पोषक तत्वों को ठीक से अवशोषित करने से रोकते हैं। भिगोने से इन फाइटेट्स के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है।

**मूंगफली को भिगोकर खाने के फायदे :** मूंगफली के सेवन से हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है। इनमें मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैट्स होते हैं जो खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। वहीं मूंगफली शरीर को गर्माहट देता है जिससे पूरे शरीर में बेहतर रक्त का संचार होता है।

मूंगफली एंटीऑक्सीडेंट रेस्वेराट्रोल का भी अच्छा स्त्रोत है जो सूजन कम करता है। वहीं मूंगफली के सेवन से डाइजेशन भी दुरुस्त होता है। इसमें डाइटरी फाइबर की अधिकता होती है।

इस कारण यह मल त्याग को आसान बनाकर कब्ज और गैस से राहत देती है। इससे पोषक तत्वों का अवशोषण भी ठीक होता है। रोज एक चम्मच भीगी हुई मूंगफली खाने से फायदा हो सकता है।

# बदलते मौसम में स्किन को तैयार करने के लिए अपनाएं ये ब्यूटी टिप्स, मिलेगी खूबसूरत त्वचा

सभी लोग सर्दी के मौसम में अपनी त्वचा का ख्याल रखते हैं। लेकिन बदलते मौसम में त्वचा की अतिरिक्त देखभाल करना जरूरी होता है। क्योंकि इस मौसम में त्वचा को आने वाले मौसम के लिए तैयार करना जरूरी होता है। गर्मियों में त्वचा को टैनिंग, मुंहासों या दाग-धब्बों से बचाव करने के आप कुछ टिप्स को फॉलो कर सकते हैं। इससे आपकी स्किन क्लीन और एक्ने फ्री रहेगी।

**सनस्क्रीन जरूर लगाएं :** वैसे तो आपको हर मौसम में सनस्क्रीन जरूर लगाना चाहिए। लेकिन कई लोग बदलते मौसम में सनस्क्रीन लगाना जरूरी नहीं समझते हैं। हालांकि, बदलते मौसम में स्किन को तैयार करने के लिए सनस्क्रीन जरूर लगाएं। आपको बदलते मौसम में एसपीएफ 30 सनस्क्रीन जरूर लगाना चाहिए। इससे त्वचा का धूप से बचाव होगा। स्किन के दाग-धब्बे भी दूर होंगे और टैनिंग से भी छुटकारा मिलेगा।



**स्किन को एक्सफोलिएट करें :** बदलते मौसम में स्किन को एक्सफोलिएट करना जरूरी होता है। इससे त्वचा पर जमे सारे डेड स्किन सेल्स आसानी से निकल जाते हैं। स्किन को एक्सफोलिएट करने से त्वचा साफ और क्लियर होती है। इसके लिए आप ब्राउन शुगर या कॉफी का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप चाहें तो मार्केट में मिलने वाले स्क्रबर का उपयोग भी कर सकते हैं।

**शरीर को हाइड्रेट रखें :** हर मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी होता है। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए आपको खूब सारा पानी जरूरी पीना चाहिए। हाइड्रेट रहने से सिर्फ शरीर को ही नहीं, स्किन को भी काफी लाभ मिलता है। पानी पीने से स्किन हाइड्रेटेड रहती है। पानी पीने से स्किन पर ग्लो आता है और स्किन खूबसूरत नजर आती है। आप स्किन को हाइड्रेट करने के लिए मॉइश्चराइज का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। आप अपनी स्किन टाइप के अनुसार मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**फेस मास्क लगाएं :** बदलते मौसम में स्किन की देखभाल करने के लिए आप फेस मास्क भी लगा सकते हैं। आप एलोवेरा, मुल्तानी मिट्टी, गुलाब जल, ग्लिसरीन या अन्य फेस मास्क लगा सकते हैं। फेस मास्क या फेस पैक का इस्तेमाल करने से स्किन हाइड्रेटेड रहती है। स्किन पर ग्लो आता है और त्वचा साफ भी होती है।

# इन बैड फूड हैबिट्स से हो सकती है हेयर फॉल की समस्या

बालों का झड़ना एक आम समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। बालों के झड़ने के पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। अमूमन यह देखने में आता है कि जब बाल लगातार झड़ते रहते हैं तो लोग बार-बार अपने हेयर प्रोडक्ट्स स्विच करते रहते हैं। हालांकि, इससे भी उन्हें कोई फायदा नहीं होता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आपके शरीर में कुछ पोषक तत्वों की कमी होती है, जिससे हेयर फॉलिकल्स कमजोर हो जाते हैं और बाल टूटने लगते हैं। ऐसे में सबसे जरूरी होता है कि आप अपनी डाइट पर सबसे पहले ध्यान दें।

## बहुत कम प्रोटीन लेना

अगर आपको लगातार हेयर फॉल हो रहा है तो इसका एक कारण आपका बहुत कम प्रोटीन इनटेक भी हो सकता है। बालों के बिल्डिंग ब्लॉक केराटिन नामक प्रोटीन है। इसलिए, जब डाइट में प्रोटीन की कमी होती है तो इससे आपको बालों के झड़ने का खतरा अधिक रहता है। कोशिश करें कि आप अपनी डाइट में लीन प्रोटीन, दाल, पालक, बीन्स और टोफू आदि को जरूर शामिल करें।




## प्रोसेस्ड शुगर का अधिक सेवन करना

अगर आपकी डाइट कुछ ऐसी है, जिसमें प्रोसेस्ड शुगर का आप बहुत अधिक सेवन करते हैं तो इससे आपको हेयर फॉल की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि अधिक शुगर बॉडी में इन्फ्लेमेशन का कारण बन सकती हैं। इससे हेयर फॉलिकल्स डिस्टर्ब होते हैं और हेयर फॉल की शिकायत हो सकती है।

## हाई ग्लाइसेमिक फूड्स का सेवन करना

अगर आप हाई ग्लाइसेमिक फूड्स खाते हैं तो यह आपकी हेयर हेल्थ पर भी नेगेटिव इफेक्ट डाल सकते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हाई ग्लाइसेमिक फूड्स आसानी से शुगर में ब्रेकडाउन हो जाते हैं। शुगर के अधिक सेवन से शरीर में इंसुलिन और एण्ड्रोजन में वृद्धि होगी, जो निश्चित रूप से हेयर हेल्थ को इफेक्ट करेगी। इससे आपको हेयर फॉल की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।




## जिंक और आयरन का सेवन बहुत कम करना

अगर आप अपनी डाइट में आयरन और जिंक के इनटेकर पर ध्यान नहीं देती हैं तो इससे भी आपको बालों के बहुत अधिक झड़ने की समस्या हो सकती है। जिंक और आयरन दोनों ही केराटिन निर्माण में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, आपके आहार में पर्याप्त आयरन ना होने से हेयर फॉलिकल्स तक ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप बाल झड़ने लगते हैं और पतले हो जाते हैं। कोशिश करें कि आप अपनी डाइट में सी-फूड और रेड मीट आदि को शामिल करते हैं। वहीं अगर आप वेजिटेरियन है तो ऐसे में आप बीन्स ले सकते हैं।

## डाइट में फैटी एसिड की कमी होना

हेयर हेल्थ को बनाए रखने के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड भी डाइट में होना आवश्यक है। अगर डाइट में इन एसेंशियल हेल्दी फैटी एसिड्स की कमी होती है तो इससे आपके बाल कमजोर व रूखे होने शुरू हो जाते हैं। जिसके कारण आपको बालों के टूटने और झड़ने का खतरा काफी हद तक बढ़ जाता है।



# हाई कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए करें पुदीना और नींबू पानी का सेवन, मिलेंगे फायदे

हाई कोलेस्ट्रॉल का कारण व्यक्ति की डाइट और जीवनशैली से संबंधित होता है, जिससे उनके ब्लड में लिपिड्स की मात्रा बढ़ जाती है। बहुत ज्यादा मात्रा में तेलों और मसाले का सेवन, निष्क्रिय जीवनशैली के कारण हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। बहुत ज्यादा वजन या मोटापा और अल्कोहल का सेवन भी कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकता है। इसके अलावा तनाव भी एक बड़ा कारण है जो कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकता है। अधिक तनाव से होने वाले हार्मोनल परिवर्तन और रक्तनली की स्थिति में परिवर्तन के कारण शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ सकती है। हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण हार्ट डिजीज समेत कई जानलेवा स्थितियों का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में बढ़े बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए नियमित रूप से पुदीना और नींबू पानी पीना चाहिए।

## हाई कोलेस्ट्रॉल में पुदीना और नींबू पानी के फायदे

पुदीने की पत्तियों में मौजूद पोषक तत्व और गुण पाचन तंत्र से लेकर शरीर की कई गंभीर समस्याओं में फायदेमंद होते हैं। इसमें मौजूद फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने और शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करते हैं। वहीं नींबू के रस में भी कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो शरीर में बढ़े बैड कोलेस्ट्रॉल और लिपिड को कम करने में मदद करते हैं। नींबू में मौजूद गुण लो डेंसिटी वाले फिट को ब्लड और वेसल्स में जमा होने से रोकने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद साइट्रिक एसिड फैट को गलाने में मदद करता है। नींबू में विटामिन सी की भी प्रचुर मात्रा होती है, जो धमनियों को मजबूत और हेल्दी बनाने और ब्लड सर्कुलेशन को ठीक रखने में मदद करते हैं।



## हाई कोलेस्ट्रॉल में कैसे करें पुदीना और नींबू पानी का सेवन?

रोजाना सुबह के समय नियमित रूप से पुदीने की पत्तियों का रस और नींबू का रस एक गिलास गुनगुने पानी में मिलाकर पीना चाहिए। नियमित रूप से इस पानी का सेवन करने से आपको हार्ट डिजीज के खतरे को कम करने, हाई कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज जैसी परेशानियों में भी फायदा मिलेगा। इसका सेवन करने से वजन कंट्रोल में रहता है और शरीर में ब्लड का फ्लो ठीक रहता है।

## अहिंसा से अधिकार थीम आधारित गतिविधियों का आयोजन 22 तक

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम 2025 को लेकर ग्रामीण स्तर पर जागरूकता का अभियान शुरू किया गया है। 8 मार्च तक चलने वाले इस 6 चरणीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को नए कानूनी प्रावधानों, रोजगार गारंटी, पारदर्शी मजदूरी भुगतान और विकेन्द्रीकृत पंचायत प्लानिंग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कानूनी प्रावधानों और फायदों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके अधिकारों से रूबरू कराने के लिए अहिंसा से अधिकार थीम आधारित गतिविधियाँ चौथे सप्ताह सोमवार से 22 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चन्द्र यादव ने बताया कि संवैधानिक मूल्यों से जुड़े रोजगार के अधिकारों की समझ, बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग का प्रदर्शन, समुदाय में गांधीजी के सकारात्मक उद्धरणों के साथ रोजगार अधिकार, जागरूकता यात्रा विद्यालयों में पेंटिंग एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। महात्मा गांधी और विकसित भारत के गाँवों की बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का प्रदर्शन, ग्रामीण नागरिकों के लिए पंचायत भवन, सामुदायिक भवन अथवा सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जन-जागरूकता यात्रा में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के प्रावधानों को प्रदर्शित करती तख्तियां या बैनर का उपयोग किया जाकर आयोजित की जाएगी। जिसमें ग्राम सरपंच एवं पंच स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, श्रमिकों की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

## नव दम्पती आज गोविंद देवजी मंदिर में करेंगे देहली वंदन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पिछले छह माह में परिणय सूत्र में बंधे नव दंपत्तियों के सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना के साथ रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह नौ बजे से देहली वंदन-नि:शुल्क पंच कुंडीय का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इस आयोजन में कोई भी नव दंपत्ति शामिल हो सकते हैं। इसके लिए कोई शुल्क नहीं हैं और न ही कोई सामग्री लाने की आवश्यक्ता है। सुबह नौ बजे तक यज्ञशाला में प्रवेश करने वाले जोड़ों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। मां मंगला गौरी के सोडशोपचार पूजन के बाद गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ में विशिष्ट हवन सामग्री से आहुतियां प्रदान की जाएगी। यज्ञ के बाद नव दंपत्ति ठाकुरश्री राधा गोविंद देवजी मंदिर के गर्भ गृह की देहली पर ढोक देकर सुख-सौभाग्य की कामना करेंगे। गोविंद देवजी मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी जोड़ो को ठाकुरजी का चित्र, दुपट्टा और गायत्री परिवा की ओर से गृहस्थ जीवन से जुड़ी पुस्तकों का सेट प्रदान किया जाएगा। नए जोड़ों के अलावा अन्य श्रद्धालु भी हवन में शामिल होकर आहुतियां प्रदान कर सकेंगे। यज्ञ 9 से दोहपर 12 बजे तक चलेगा।

## डाक जीवन बीमा के अभिकर्ता व क्षेत्र अधिकारी के 25 को साक्षात्कार

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय डाक विभाग के अधीक्षक डाकघर, झुंझुनू मंडल द्वारा डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिए अभिकर्ता तथा क्षेत्र अधिकारी के चयन हेतु 25 फरवरी को सुबह 10 बजे साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। डाकघर अधीक्षक धर्मपाल सिंह ढाका ने बताया कि अभिकर्ता पद के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण होना और आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होना आवश्यक है। क्षेत्र अधिकारी पद के लिए किसी भी विभाग से सेवानिवृत्त या भारमुक्त कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं, जिसमें डाक विभाग के भारमुक्त ग्रामीण डाक सेवक भी शामिल हैं। इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है। इच्छुक अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल अंकतालिका, तीन पासपोर्ट आकार के फोटो सहित अधीक्षक डाकघर कार्यालय, रोड नम्बर-1 स्थित कार्यालय में उपस्थित होना होगा। चयनित अभ्यर्थियों को तीन दिवस के भीतर 5000 रुपये का राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र तथा अन्य दस्तावेज जमा कराने होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के खर्च पर उपस्थित होना होगा।

## मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णत: वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 24 व 25 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पारू आयुष हॉस्पिटल में 24 व 25 फरवरी को नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शिविर डॉ. एम के योगी ने दी। डॉ. योगी ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से रोगियों को नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में मधुमेह, मोटापा, जोड़ों व कमर दर्द, साइटिका, पाइल्स, त्वचा रोग, माइग्रेन सहित विभिन्न रोगों के उपचार की सुविधा रहेगी। शिविर का समय प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। शिविर दाराजी की ढाणी, विधि कॉलेज से रामपुरा पूर्वी रोड, झुंझुनूं-जयपुर बाइपास रोड पर आयोजित होगा।

## 27 से शुरू होगा चार दिवसीय घूमर कार्यक्रम

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक घूमर-2026 इस बार 27 फरवरी से आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर लाडनूं क्षेत्र के होली प्रेमियों एवं निवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति ने इस बार कलाकारों का उत्साहवर्धन करने के लिए इस वर्ष कुल 200 पुरस्कार वितरित किए जाएंगे, जिनमें 15 कलाकारों को प्रथम, 25 को द्वितीय, 30 को तृतीय और 130 कलाकारों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विचित्र वेशभूषा और दैनिक प्रोत्साहन के लिए भी विशेष पुरस्कारों की श्रेणी रखी गई है, जो इस बार आकर्षण का केंद्र रहेगी। सुरक्षा और सुव्यवस्था को लेकर समिति ने इस बार भी शानदार इंतजाम किए हैं। पूरा कार्यक्रम परिसर आधुनिक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा।

# फागोत्सव में लखदातार की आकर्षक सजी फाल्गुनिया झांकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री गणेश मित्र मंडल का 24वा वार्षिक उत्सव के मौके पर भोमिया जी का मंदिर गोवर्धन पुरी गलता गेट में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाकर फाल्गुनी झांकी सजाई गई। श्री गणेश मित्र मंडल अध्यक्ष राजकुमार पलडिया ने बताया कि फागोत्सव में बाबा श्याम की गुलाल के गजरो से बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार हुआ बाबा को सतरंगी गुलाल अर्पित कर 56 भोग की झांकी सजाई । अखंड ज्योत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ हुआ भजन गायक अमित नामा, राज राठौड़, दिनेश गौतम, अनिल ज्योति पाराशर, राहुल खंडेलवाल, सोनिया शर्मा, कुमार मुकेश, मंजू शर्मा, गौरवा सिंह ने बाबा श्याम की फाल्गुनी रचनाओं से भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया । भजन संध्या का मुख्य आकर्षण चंग धमाल रहा भक्तों ने बाबा श्याम के साथ फुलों की होली खेली । फागोत्सव मे इत्र वर्षा पुष्प वर्षा अनवरत होती रही । श्रद्धालु एक-दूसरे को प्रेमपूर्वक गुलाल लगाते नजर आए । बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के चेहरों पर अलग-अलग रंगों की छटा और मुस्कान उत्सव की आनंदमयी झलक पेश कर रही थी । फागोत्सव में । विभिन्न कलाकारों ने महारास, फाग लीला और बाल लीलाओं की प्रस्तुति देकर उपस्थित



जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया । चंग, ढोलक और मंजीरों की थाप पर भक्तजन झूम उठे । फागोत्सवत में संत महंतो का परम सानिध्य प्राप्त हुआ । बाबा की ज्योत सेवा मे पंकज महाराज रहें । मंडल परिवार के संरक्षक शंकर लाल यादव कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार लोदीका महामंत्री जगदीश सैनी स्वागत मंत्री मनीष अग्रवाल सचिव कैलाश शेरगड़िया आशुतोष गोयल यस पाल सिंह प्रचार मंत्री बाबूलाल जांगिड़ विनोद साहू संगठन मंत्री केहर सिंह कन्हैयालाल साहू पूर्व कोषाध्यक्ष मुन्नालाल सोनगरा सदस्य व पदाधिकारी मंडल परिवार के सदस्यों ने बाबा श्याम की महाआरती की।

### खोले के हनुमान मंदिर में सजी फागुनिया झांकी

श्री खोले के हनुमान मंदिर में रंग गुलाल व फुलों की झांकी सजाकर शनिवार को फागोत्सव में रुत आई धमाल व गोरी म्हारी रसिया पर शेखावाटी कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया । श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि सायं 6 बजे शेखावाटी सांस्कृतिक कला मंदिर के कलाकार सोहनलाल तंवर के नेतृत्व में चंग व ढप्प वाद्ययंत्रों पर होली गीत में रसिया व धमाल गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की ओर से रासलीला की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। लोक नृत्य के साथ फुल व गुलाल से होली खेली गई।

श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि फागोत्सव समूह की एकता का अनूठा उदाहरण है शेखावाटी के कलाकार हर वर्ष फागुन माह में अपनी प्रस्तुति के लिए श्री खोले के हनुमान मंदिर आते हैं । फागोत्सव के तहत मंदिर के सभी विग्रहों को गुलाल अर्पित कर मनमोहन फाल्गुनी श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रांगण में आए श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत सत्कार अभिनंदन किया।

## विराट हिन्दू सम्मेलन आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में निर्माण नगर क्षेत्र के सकल हिंदू समाज की ओर से पार्श्वनाथ बस्ती 22 फरवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण के उद्देश्य से आयोजित सम्मेलन के अंतर्गत अपराह्न तीन बजे शिव हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर होते हुए आयोजन स्थल विष्णु मैरिज गार्डन पहुंचेगी। यात्रा में क्षेत्र की महिलाएं, युवा एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश देंगे। कार्यक्रम में हिन्दू संस्कृति से जुड़ी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रेरक उद्बोधन एवं सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके साथ ही हिन्दू संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान देने वाले परिवारों, पर्यावरण, शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## कांवटियों के खुर्रे की 60 वीं पदयात्रा आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कांवटियों का खुर्रा रामगंज स्थित श्री श्याम प्राचीन मंदिर से महंत पं. लोकेश मिश्रा के सानिध्य में श्री श्याम सत्संग मंडल संस्था की 60 वीं पदयात्रा 22 फरवरी को सुबह 11:15 बजे बैंडबाजा, लवाजमे के साथ खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेगी। संस्था के अध्यक्ष अशोक मिश्रा और कुंजबिहारी आभास वालों ने बताया कि पदयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। रामगंज से चांदपोल तक केवल पदयात्री ही नजर आएंगे। चांदी के रथ में श्याम प्रभु को विराजमान कर चंवर डुलाते हुए ले जाया जाएगा। झोटवाड़ा रोड, चौमूं पुलिया, भवानी निकेतन, ढहर के बालाजी होते हुए पदयात्रा सीकर रोड पर आएगी। रात्रि विश्राम हरमाड़ा में होगा। चौमूं, गोविंदगढ़ , रींगस होते हुए पदयात्रा 26 फरवरी को खाटूधाम पहुंचेगी। 27 फरवरी को फाग महोत्सव, छप्पन भोग, चंग-धमाल का आयोजन जयपुर वालों की धर्मशाला में होगा।

## खाटूश्यामजी के लिए पदयात्रा 24 को

निसं

लोसल (नवयत्न)। श्री श्याम प्रेम सेवा समिति के तत्वावधान में लोसल से श्याम भक्तों का जत्था चोबीस फरवरी को खाटूश्यामजी के लिए रवाना होगा। बड़ी तादाद में श्याम बाबा के भक्त लखदातार का दरबार खाटूश्यामजी के लिए श्रीराम सत्संग भवन से सुबह सवा आठ बजे हाथों में निशान लेकर रवाना होंगे। इससे पहले यहां पर श्याम मंदिर में श्याम बाबा की ज्योत प्रज्वलित की जाएगी आरती होगी उसके बाद निशान के साथ गाजे.बाजे के साथ नाचते गाते हुए शाही लवाजमे के साथ बाबा की पदयात्रा के लिए भक्त रवाना हो जाएंगे।

## विराट हिंदू सम्मेलन आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आशादीप किंग्स कोर्ट सोसाइटी जीरोता जगतपुरा जयपुर तथा आशादीप रेनबो सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजकों ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में धार्मिक चेतना जागृत करना, सांस्कृतिक गौरव को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 8:30 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। सकल हिंदू समाज ने जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।



# फाल्गुनी मेले में सुरक्षा कड़ी, एसपी ने किया फ्लैग मार्च

निसं

**खाटूश्यामजी ( नवयत्न )।** खाटूश्यामजी में आयोजित फाल्गुनी मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में एसपी प्रवीण कुमार नूनावत ने पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर और मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च किया। डिप्टी आनंद राव सहित अन्य अधिकारियों ने भी मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे लगातार निगरानी रखी जा रही है। भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस बार मेले के दौरान वीआईपी दर्शन की व्यवस्था पूरी तरह बंद रहेगी, ताकि सभी श्रद्धालुओं को समान रूप से दर्शन का अवसर मिल सके। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें और व्यवस्थाओं में सहयोग करें।

# फुड सेफ्टी टीम ने तीस हजार किलो एक्सपायरी सामग्री को करवाया नष्ट

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की फुड सेफ्टी टीम द्वारा खो नागोरियान में मैसर्स एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर पर की गई कार्यवाही में सीज किया गया अमूल ब्रांड के एक्सपायरी नूडल्सएकेच अपएम्योनीज एवं सॉस को नष्ट करवाने की कार्यवाही की गई। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि फर्म मालिक गगन आहूजा ने नगर निगम द्वारा जारी नष्टीकरण की स्वीकृति आदेश पेश किए गए। जिस पर शनिवार टीम को भेज कर छह ट्रकों में अवधिपार सामग्री को भरकर मथुरादास कचरागाह ले जाकर नष्ट करवाया गया। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि ने भी मौके पर पहुंचकर अवधिपार माल की तस्दीक कर अमूल ब्रांड का होना सत्यापित किया। गौरतलब है कि टीम द्वारा पिछले दिनों 181 पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही में अमूल ब्रांड की लगभग 30 हजार किलो एक्सपायरी खाद्य सामग्री पकड़ी थी। जिसमें अमूल ब्रांड के अलग अलग पैकिंग के सॉसेज, म्योनीज, एनर्जी ड्रिंक, केच अप आदि के



पैकेट्स जो अवधिपार हो गए थे उनकी डेट मिटाकर नई डेट प्रिंट करने की तैयारी थी। टीम ने गोदाम को सील कर दिया था । जिसे खुलवाकर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। टीम द्वारा गोदाम का निरीक्षण किया गया। जिसमें अवधिपार सामग्री की मात्रा और भी अधिक पाई गई । जिसे उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार सोमवार को नष्ट किया जाएगा। तब तक के लिए गोदाम को पुन: सील कर दिया गया है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान, राजेश नागर, नंद किशोर कुमावत, अवधेश गुप्ता एवं राजेश नागर शामिल रहे।

## राजनीतिक दलों को प्रदान की अंतिम मतदाता सूची



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** एसआईआर के बाद तैयार हुई अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों को प्रदान की गई है। इस हेतु उपखंड कार्यालय में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि 16 जनवरी 26 को प्रकाशित मतदाता सूची में कुल 2 लाख 82 हजार 792 मतदाता थे। उसके बाद कुल 6360 मतदाता जुड़े हैं। जबकि 768 मतदाताओं के नाम डिलीट किए गए हैं। इस प्रकार अब कुल 2 लाख 88 हजार 384 मतदाता अब मतदाता सूची में शामिल हैं। बैठक के दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया, तेजपाल गोदारा, बजरंग सेन, ओंकारमल मेघवाल, रेखाराम मेहरड़ा, पुरूषोतम चौहान आदि मौजूद रहे। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की होर्ड और सॉफ्ट कॉपी प्रदान की गई।

## शिविर आज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा 22 फरवरी रविवार को स्व प्रतापसिंह सिंघी की स्मृति में उनकी धर्म पत्नी कमला देवी सिंघी के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जायेगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा तथा ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ मे करवा, जाएंगे। शर्मा ने बताया कि द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ़ में आयोजित होने वाला उक्त नेत्र शिविर प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा।

## वी.पी.एल करियर इंस्टीट्यूट का शुभारंभ आज

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट का 22 फरवरी प्रात: 10:15 बजे भव्य शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह भाम्बू, विधायक, झुंझुनू रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन सैनी सदस्य राज्य ओबीसी आयोग, राजस्थान के द्वारा की जायेगी एवं अति विशिष्ठ अतिथि शुभकरण चौधरी पूर्व विधायक, उदयपुरवाटी एवं केण्डीण् बाबर पूर्व विधायक, लक्ष्मणगढ़ होंगे। संस्था के फाउन्डर इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट में अनुभवी फैकल्टीज् के टीम द्वारा विद्यार्थियों को आईआईटी-जेईई, नीट एवं फाउण्डेशन की विशेष तैयारी करवाई जायेगी, इसके साथ ही यहां स्मार्ट क्लास, नियमित टेस्ट सीरिज, व्यक्तिगत मार्गदर्शन तथा करियर काउंसलिंग जैसी सुविधाऐं उपलब्ध करवायी जायेंगी, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, विद्यार्थी एवं स्थानीय नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

## हथियार लेकर घूम रहे दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी की पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम सीएसटी ने बस्सी थाना इलाके में ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन आग के तहत कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो में हथियार तस्करी करने की फिराक में घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सीएसटी ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से दो देसी कट्टाए 10 कारतूस व 2 खाली कारतूस बरामद किए है। पुलिस दोनों आरोपियों से अवैध हथियार खरीद-फरोख्त करने वालों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहीं है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बस्सी थाना इलाके में दो बदमाश स्कॉर्पियो में अवैध हथियार की सप्लाई करने की फिराक में घुम रहे है। सूचना मिलने के बाद सीएसटी टीम ने बस्सी इलाके में नाकाबंदी की। नाकाबंदी में स्कॉर्पियो की तलाशी लेने पर उसमें से दो देसी कट्टा, 10 कारतूस व 2 खाली कारतूस बरामद हुए। साथ ही पुलिस टीम ने आरोपित अनिल कुमार उर्फ सुखा 21 निवासी दादनपुरा धौलपुर और लोकेश कुमार उर्फ अयान 27 निवासी अखैपुरा दौलतपुरा निवासी को दबोच लिया। इसके अलावा पुलिस ने अवैध हथियार का सप्लाई के काम में ली जाने वाली स्कॉर्पियो को जब्त कर ली है। पुलिस दोनो आरोपियों से गिरोह के अन्य लोगों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से महिला की मौत

**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना इलाके में शनिवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सड़क किनारे खड़े महिला और उसके भतीजे को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली एक बाइक, पतासी के ठेले और दो बिजली के खंभों को भी तोड़ते हुए जा घुसी। चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। थानाधिकारी उदय यादव ने बताया कि हरमाड़ा थाने के सामने नानकी और उसका भतीजा मुकेश बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान पैर में दर्द होने के कारण नानकी की बहन पीछे-पीछे पैदल आ रही थी। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे टोडी मोड़ की ओर से पत्थरों से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली आई। सामने आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई। बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खड़ी नानकी और उसके भतीजे मुकेश को जोरदार टक्कर मारते हुए एक बाइक और पतासी के ठेले को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद वाहन दो बिजली के पोल तोड़ते हुए जाकर रुका। हादसे में नींदड़ मोड़ निवासी नानकी देवी 60 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मुकेश सैन 28 गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## निर्वाचन साक्षरता उत्सव आयोजित



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित कैरियर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता उत्सव का आयोजन किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी श्वेता कोचर ने बताया कि इस उत्सव में रंगोली, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा बीएड प्रशिक्षणार्थियों ने लघु नाटक के माध्यम से मतदान का महत्व बताया। इस दौरान तहसीलदार अशोक गोरा ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा निर्वाचन साक्षरता उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कैरियर ग्रुप ऑफ एजूकेशन के संरक्षक हनुमानाराम धेतरवाल, निदेशक अमीलाल धेतरवाल, मनरूपचन्द धेतरवाल ने मतदान का करने का महत्व बताया। इस दौरान हनुमान सिंह, डॉ. सुरेश सिंह राठौड़, ईएलसी प्रभारी आरती ओझा, पूनम वर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, स्वीप प्रकोष्ठ के अरूण टुहानिया, रमेश सिसोदिया सहित स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के अवसर पर उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करवाई गई। उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने, संशोधन कराने एवं विलोपन संबंधी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से कहा कि वे अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने हेतु प्रेरित करें तथा किसी भी त्रुटि की सूचना नियमानुसार प्रस्तुत करें, जिससे मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं पारदर्शी बनाई जा सके। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शुद्ध मतदाता सूची का विशेष महत्व है। अतः सभी पक्षों से सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने का आग्रह किया गया। बैठक में तहसीलदार हनुमान प्रसाद, सीबीईओ बबलेश शर्मा, एसआईआर भागचन्द किरोड़ीवाल, धर्मेन्द्र कुमार, मनोज स्वामी, वीरेंद्र, राजेश कुमार, कृष्ण सहारण आदि उपस्थित रहे।

## बेटियों ने पिता को दी मुखाग्नि



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में तीन बेटियों ने परंपराओं को तोड़ते हुए अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया और मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। यह घटना नोखा के वार्ड नंबर 43 में हुई। जलदाय विभाग में वरिष्ठ सहायक पाबूदान सिंह पुत्र पर्वत सिंह का बीमारी से निधन हो गया था। उनके कोई पुत्र नहीं थाए उनकी तीन पुत्रियाँ नीतू, कोमल और परी हैं। आमतौर पर अंतिम संस्कार की रस्में पुत्र या पुरुष परिजनों द्वारा निभाई जाती हैं। हालांकि, इस बार बेटियों ने इस परंपरा से हटकर अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। शवयात्रा के दौरान तीनों बेटियों ने अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया। श्मशान घाट पर भी उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ अपने पिता को मुखाग्नि दी।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** शनिवार को श्री दिगम्बर जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं वर्धमान विद्या विहार सेकेंडरी स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर की ओर से विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के अधिकार मित्र ओमप्रकाश पुरोहित ने विद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को साइबर अपराध एवं सुरक्षा विषय पर संबोधित किया। इस जागरूकता शिविर में साइबर अपराध से बचने एवं ऐसे अपराध घटित होने पर सुरक्षात्मक उपायों तथा इन अपराधों से सम्बंधित दण्डात्मक प्रक्रियाओं के बारे में भी बताया। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने साइबर अपराध एवं उस से जुड़ी सावधानियों के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त की इस से सम्बंधित प्रश्न पूछे। संस्था के अध्यक्ष दीपक संगही, उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया, सचिव संजय संगही, सह-सचिव रितेश रारा, कोषाध्यक्ष सुशील काला, सदस्य सुनील पहाड़िया, मनोज पाटोदी, प्रियंक गंगवाल, संस्था प्रधान डॉ. मीनाक्षी भार्गव ने ओमप्रकाश पुरोहित का आभार व्यक्त किया।

# सिविल लाइंस प्रीमियर लीग का आगाज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** विधायक गोपाल शर्मा की पहल पर सिविल लाइंस क्षेत्र में सिविल लाइंस प्रीमियर लीग का शनिवार गणपति नगर रेलवे क्रिकेट मैदान में भव्य शुभारंभ हुआ। विधायक गोपाल शर्मा ने ट्रॉफी का अनावरण कर एवं टॉस करवाकर लीग के पहले मैच की औपचारिक शुरुआत की। यह लीग 28 फरवरी तक आयोजित होगी, जिसमें सिविल लाइंस क्षेत्र के नवगठित 16 वार्डों की 16 टीम हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन मुकाबला हरिपुरा ब्लास्टर्स वार्ड 96 और गणपति फाइटर्स वार्ड 99 के बीच खेला गया। गणपति फाइटर्स ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय किया। ओपनिंग मैच में गणपति फाइटर्स ने हरिपुरा ब्लास्टर्स को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। प्लेयर ऑफ द मैच करण धमोनिया चुने गए। विधायक गोपाल शर्मा ने बताया कि क्वार्टर फाइनल मुकाबले 25 फरवरी से खेले जाएंगे। जबकि फाइनल का महामुकाबला 28 फरवरी को होगा। मैच प्रारंभ होने से पहले विधायक शर्मा ने सभी टीमों के कप्तानों और खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश तांबी, रेखा राठौड़, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी राजेश कुमावत, पूर्व पार्षद चेयरमैन रवि प्रकाश सैनी, हेमेंद्र शर्मा, अंशु शर्मा, मनोज मुद्गल, सिविल लाइंस के चारों मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, निखिल वर्मा, इंदु परमार, गौरव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में खेल और उत्सव का माहौल है तथा आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। विधायक गोपाल शर्मा ने बताया कि ज्योतिबा फुले सुपर किंग 88, श्याम नगर लीजेंडस 89, जनपथ एलीट्स 90 अशोकपुरा पैंथर्स 91, सिविल लाइंस राइडर्स 92, सोडाला एवेंजर्स 93, राकड़ी रॉयल्स 94, मां अहिल्या वारियर्स 95, हरिपुरा ब्लास्टर्स 96, वीर तेजाजी स्टार्स 97, सी स्कीम चैलेंजर्स 98, गणपति फाइटर्स 99, कांति नगर चैंपियंस 100, बनीपार्क विक्टर्स 101, राम नगर टाइटंस 102, हरिनगर टाइगर्स 103 यह टीम शामिल है। इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया कैंपेन की प्रेरणा से क्षेत्र के युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस लीग का आयोजन किया जा रहा है। खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। लीग का उद्देश्य क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना है। यह आयोजन खेल संस्कृति को मजबूती देगा और युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करेगा।

लीग के प्रत्येक मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया जाएगा। सीरीज के अंत में प्लेयर ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन और श्बेस्ट बॉलर जैसे आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार रुपए तथा उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें से प्लेइंग-11 का चयन कप्तान द्वारा किया जाएगा। सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

## 7 वर्षीय राहिब हसन ने रखा अपना पहला रोजा

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान शुरू हो चुका है। इस महीने में इस्लाम धर्म के अनुयायी पूरे एक महीने तक रोजे उपवास रखते हैं। रोजे के दौरान महिला, पुरुष और बच्चे सुबह से शाम तक बिना कुछ खाए-पिए रहते हैं, नमाज अदा करते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं। शाम को इफ्तार के समय सभी मिलकर रोजा खोलते हैं। रमजान के पहले जुमा के अवसर पर शहर की सभी मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। इसी क्रम में 7 वर्षीय राहिब हसन ने भी अपना पहला रोजा रखा। उन्होंने पूरे दिन बिना कुछ खाए-पिए रोजा रखा और शाम को इफ्तार के समय रोजा खोला। राहिब पहली कक्षा के छात्र हैं। राहिब हसन सामाजिक कार्यकर्ता और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव शाकिर खोखर के पौत्र हैं।

## मल्टीडिसिप्लिनरी कंप्यूटिंग पर इंटरनेशनल कॉफ्रेंस संपन्न



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महर्षि अरविंद इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट में शनिवार को कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग द्वारा फोर्थ इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मल्टीडिसीप्लिनरी कंप्यूटिंग एंड आईटी कन्वर्जेंस 2026 का भव्य आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं आईटी विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में प्रमुख वक्ताओं के रूप में डॉ. सुरेश कुमार शर्मा, प्रोफेसर नीरज कुमार राठौड़ समेत अन्य वक्ता शामिल हुए। सभी विशेषज्ञों ने वर्तमान समय में प्रचलित आधुनिक तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, क्लाउड कंप्यूटिंग एवं हेल्थ सेक्टर में आईटी के बढ़ते उपयोग पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए। संस्थान के निदेशक डॉ. भरत पाराशर ने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को वैश्विक स्तर की तकनीकों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने तकनीकी नवाचार को समाज एवं उद्योग से जोड़ने पर बल दिया। संस्था के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मयंक शर्मा ने जानकारी दी कि सम्मेलन में प्रस्तुत शोध पत्रों और तकनीकी सत्रों को प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत सराहा गया।

# कॉर्पोरेट कनेक्शन्स जयपुर कॉन्क्लेव में क्रॉस-रीजन सिनर्जी सेंटर स्टेज पर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** कॉर्पोरेट कनेक्शन्स सीसी जयपुर ने अपने क्रॉस-रीजन कॉन्क्लेव को सफलतापूर्वक होस्ट किया, जिसमें एंटरप्रेन्योर्स, लीडर्स और गेस्ट्स का एक इंस्पायरिंग मिक्स एक साथ आया। इस इवेंट में कॉर्पोरेट कनेक्शन्स सूरत के मेंबर्स के साथ-साथ लुधियाना और दिल्ली के मेंबर्स ने भी जोश के साथ हिस्सा लियाए जो जयपुर कम्युनिटी के साथ मिलकर काम करने और मौके देने वाली एक शाम के लिए शामिल हुए।

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स अक्षय गोयल, नितिन पोद्दार और नमित सोनी की लीडरशिप में, जयपुर रीजन ने एक डायनामिक ग्लोबल बिज़नेस कम्युनिटी के हिस्से के तौर पर अपनी भूमिका को फिर से पक्का किया। कॉन्क्लेव में दिलचस्प इंडस्ट्री राउंडटेबल्स, मतलब की वन-टू-वन बातचीत और इंटर-रीजनल पार्टनरशिप को बढ़ावा देने के मकसद से हाई-वैल्यू बिजनेस डिस्कशन शामिल थे। इस मीटिंग की एक खास बात जयपुर और सूरत के मेंबर्स के बीच मिलकर काम करने के मौकों को एक्सप्लोर करने पर जोर देना था, जो कम्युनिटी के क्रॉस-चैप्टर ग्रोथ के लिए बढ़ते कमिटमेंट को दिखाता है। आने वाले डेलीगेशन को तारीफ के तोहफे देकर सम्मानित किया गया, जिसमें जुड़ाव और मिली-जुली सफलता की भावना का जश्न मनाया गया। कॉर्पोरेट कनेक्शन्स कम्युनिटी अब अगले महीने सूरत में होने वाले अपने बहुत इंतजार वाले नेशनल इवेंटए बीएचएएफ बिग हेयरी ऑडेशस फोरम का बेसब्री से इंतजार कर रही है, जहाँ देश भर के सदस्य एक और यादगार अनुभव के लिए इकट्ठा होंगे।

## नौ दिवसीय 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारम्भ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के सीकर रोड क्षेत्र में शनिवार को कोटी होमात्मक नौ दिवसीय 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कलश यात्रा रोड नंबर-1 स्थित सन मून क्षेत्र से प्रारंभ होकर सीकर रोड होते हुए यज्ञ स्थल भवानी निकेतन तक पहुंची। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं एक समान साड़ियों में सजी.धजी मंगल कलश लेकर चल रही थीं। उनके सिर पर कलश, मुख पर श्रद्धा और कदमों में भक्ति की लय स्पष्ट झलक रही थी। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। स्वागत द्वारों से सजे मार्ग ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गयाए जहां प्रसादी ग्रहण कर लोगों ने पुण्य लाभ अर्जित किया। यात्रा के दौरान बगिया में चल रहे साधु-संत श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ते रहे। हाथी, घोड़े, ऊंट, बैंड-बाजे, आतिशबाजी और सजे-धजे रथों के साथ निकली यात्रा ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जय श्रीराम के उद्घोष और भजनों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। वहीं यज्ञशाला में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शिखर ध्वज की स्थापना की गई। इस महायज्ञ के यज्ञकर्ता सियाराम बाबा की बगीची डहर के बालाजी के महंत वैष्णव हरि शंकर दास महाराज वेदांती हैं। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन दोपहर में विख्यात संतों की वाणी से कथा और प्रवचन होंगे। जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसके साथ ही प्रतिदिन सुबह 7 बजे से योग गुरुजी द्वारा योग साधना शिविर का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार यह महायज्ञ न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि समाज में संस्कार, सेवा और समरसता का संदेश भी देता है।

## रंगीला फागोत्सव एक मार्च को

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** दादी का फाटक मुरलीपुरा के विकास नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में एक मार्च को दोपहर एक से शाम पांच बजे तक रंगीला फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में मनु महाराज के सान्निध्य में आयोजित विकास नगर विकास समिति की बैठक इस आशय का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष पन्नालाल तंवर ने बताया कि सभी ने फागोत्सव को शानदार बनाने का संकल्प लिया। फागोत्सव में फाल्गुनी भजन, रास लीला, मयूर नृत्य, फुलों की होली, चंग-ढ़प पर शेखावाटी धमाल मुख्य आकर्षण होंगे। गत दिनों देवधारा बस्ती में संपन्न हुए विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजकों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर होलिका दहन के लिए सुगन्धित सामग्री का विवरण किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन विकास नगर विकास समिति और गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के संयुक्त तत्वावधान में होगा। फागोत्सव से पूर्व सुबह 8 से 10 बजे तक नव विवाहित दंपतियों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना के साथ गायत्री महायज्ञ होगा।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर ने जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को सामुदायिक केंद्र श्रीराम नगर कॉलोनी सांगानेर नगर निगम कार्यालय सांगानेर के पीछेद्ध में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशंस राहुल प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रथम मनीष अग्रवाल पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व एवं सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस थाना सांगानेर, प्रतापनगर, रामनगरिया एवं मालपुरा गेट क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाता है। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिया जाता है।

## दो दिवसीय डेयरी और पशु कार्यक्रम रंगीलो 27-28 फरवरी को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड एनडीडीबी और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज द्वारा 27-28 फरवरी को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर जयपुर राजस्थान में दो दिवसीय भव्य डेयरी और पशु कार्यक्रम रंगीलो का आयोजन किया जा रहा है। रंगीलो नाम राज्य के जीवंत और मेहनती लोगों का प्रतीक है, यह दो दिवसीय कार्यक्रम किसानों, कृषि एवं डेयरी विशेषज्ञों और उद्योग के हितधारकों को एक साथ लाएगा। इसका उद्देश्य राज्य के समृद्ध डेयरी क्षेत्र को प्रदर्शित करना और साथ ही इसकी जीवंत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाना है। यह न केवल किसानों और आगंतुकों के लिए कृषि और डेयरी में उत्कृष्टता को सीखने, जुड़ने के लिए एक मंच तैयार करेगा बल्कि राज्य के डेयरी उद्योग को भी बढ़ावा देगा। डॉ. मीनेश शाह, अध्यक्ष, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड और एनडीएस ने कहा, ष्राजस्थान का डेयरी क्षेत्र ग्रामीण समृद्धि के एक शक्तिशाली इंजन के रूप में खड़ा है, जो देश के कुल दूध उत्पादन में 16: का योगदान देता है। रंगीलो जैसे कार्यक्रम हमारे डेयरी इकोसिस्टम को प्रदर्शित करने और उसे और अधिक मजबूत करने का एक अवसर हैं-जहाँ नवाचार, सहकारी भावना और किसान सशक्तिकरण मिलकर लचीले और टिकाऊ ग्रामीण समुदायों का निर्माण करते हैं। यही वह भावना है जो राजस्थान की डेयरी सफलता की कहानी को परिभाषित करती है और एनडीडीबी इस यात्रा का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में गिरए साहीवाल, थारपारकर, राठी, हरियाणा, कांकरेज, पुंगनूर, नागोरी सहित स्वदेशी मवेशियों की नस्लोंय मुर्रा, नीली रावी, जाफराबादी जैसी भैंस की नस्लोंय और बकरी, भेड़ एवं ऊंटों के अलावा एचएफ, जर्सी क्रॉसब्रेड सहित विदेशी नस्ल की गायों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस का आचरण राष्ट्र को शर्मसार करने वाला : राठौड़

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आचरण की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि यह कोई साधारण राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा के विरुद्ध गंभीर कृत्य है। जब पूरा विश्व भारत की नेतृत्व क्षमता, तकनीकी नवाचार और वैश्विक प्रभाव को स्वीकार कर रहा है, तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके सहयोगियों द्वारा देश की छवि धूमिल करने का प्रयास अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों, 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों एवं शासनाध्यक्षों की भागीदारी तथा 2.5 लाख लोगों के पंजीकरण ने यह सिद्ध किया है कि भारत आज वैश्विक मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विश्व के शीर्ष उद्योगपतियों और नीति-निर्माताओं ने भारत की तकनीकी प्रगति, डिजिटल परिवर्तन और दूरदर्शी नेतृत्व की खुलकर सराहना की है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस को अपने आचरण पर आत्ममंथन कर क्षमा याचना करनी चाहिए थी, इसके विपरीत उसके नेताओं ने ऐसे प्रदर्शन को उचित ठहराने का प्रयास किया। लोकतंत्र में सरकार और नीतियों की आलोचना का अधिकार सभी को हैए किंतु देश के विरुद्ध प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को क्षति पहुँचाना अस्वीकार्य है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व कल्याण, डिजिटल क्रांति और समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी जी के शासन में डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने देश के छोटे से छोटे व्यापारी और सड़क विक्रेता तक को सशक्त बनाया है। भारत की तीव्र प्रगति को विश्व के अनेक नेताओं ने सार्वजनिक रूप से सराहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। पार्टी और सरकार की बैठकों में भी यह मार्गदर्शन दिया जाता है कि किसी भी वक्तव्य या कार्य से देश की गरिमा को आघात नहीं पहुँचना चाहिए। इसके विपरीत राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता निरंतर भारत की उपलब्धियों पर प्रश्न चिह्न लगाते रहे है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा लोकतंत्र का हिस्सा है, परंतु देश को बदनाम करना या राष्ट्र की छवि को नुकसान पहुँचाना किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हो सकता। कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए और देश को शर्मसार करने वाले कृत्यों से स्वयं को दूर रखना चाहिए। राठौड़ ने अंत में कहा कि भारत आज विश्व नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है और देश की जागरूक जनता राष्ट्रहित के विरुद्ध किसी भी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी।

## सप्तदिवसीय श्याम फागोत्सव का शुभारंभ आज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय सिद्धपीठ श्री ताल वाले बालाजी श्याम मंदिर में 22 से 28 फरवरी तक होने वाले श्याम फागोत्सव का आज भव्य शुभारंभ होगा। सात दिन तक चलने वाले इस आयोजन में संत गुलाब नाथ महाराज रुकनसर के संत सानिध्य में, निश्छल नाथ महाराज चुवास, बंटी शर्मा मुंबई, आशीष शर्मा जयपुर, मुरारी सैन भादरा, एस पी वर्मा, राजकुमार मंगलहारा, आशी शर्मा मुंबई, किरण शर्मा सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा सात दिनों तक भजनों की प्रस्तुतिया दी जायेगी। आयोजन में प्रतिदिन बाबा की अखण्ड ज्योत, पुष्पों से श्रृंगार, श्याम खजाना, फाग धमाल की प्रस्तुति होगी एवं महाआरती के साथ ही प्रसाद वितरण होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर मंदिर पुजारी राकेश पुजारी, गोपीकृष्ण पुजारी सहित समिति के दर्जनों सदस्य तैयारी में जुटे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190